Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
# घटती घटना
अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक-28 सोमवार,28 नवम्बर 2022, पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

दूसरो की गलतियों की आलोचनाएं जरूर की जाएं, लेकिन हमें अपनी तरफ भी जरूरत देखना चाहिए।
- जवाहरलाल नेहरू-

# सम्मानित हुई ट्रांसजेंडर कार्यकर्ता विद्या राजपूत



### कमला भसीन अवार्ड 2022 से सम्मानित

**नई दिल्ली,27 नवम्बर 2022(ए)।** आजाद फाउंडेशन इंडिया तथा नेशनल फाउंडेशन फॉर इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक भव्य समारोह में भारत की विद्या राजपूत को लैंगिक समानता की ओर ले जाने के उत्कृष्ट के लिए कमला भसीन (दक्षिण एशिया) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनके साथ या पुरस्कार नेपाल के नतीसारा राय (नेपाल) को भी प्रदान किया गया।

विद्या राजपूत, बस्तर, छत्तीसगढ़ की एक ट्रांसवुमन है, जिन्होंने 2009 में मितवा संगठन की सह-स्थापना की, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को एकत्रित करने, पैरवी करने और उनके अधिकारों के लिए जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित किया, जिसमें पहचान का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, आवास, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा सम्मिलित है। मितवा के साथ विद्या का काम उनके संघर्ष, कठिनाई और भेदभाव से जुड़ी हुई हैं। वर्षों से, वकालत और प्रशिक्षण के माध्यम से विद्या लोगों के जीवन में बदलाव लाने और राज्य की नीति को प्रभावित करने हेतु कार्य कर रही है।

इस पुरस्कार का नाम फेमिनिस्ट आइकन, कवि, लेखक, शिक्षाविद् और दक्षिण एशिया में महिला अधिकार आंदोलन की अग्रणी कमला भसीन के नाम पर रखा गया है। वह दुनिया भर में कई संगठनों और आंदोलनों से जुड़ी हुई थीं।

इस पुरस्कार में दक्षिण एशिया शामिल थी, जिसमें अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। पुरस्कारों के लिए सभी आठ देशों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गईं और कुल 64 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं।

अनु आगा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय जूरी ने सावधानीपूर्वक और कठोर प्रक्रिया के बाद विजेताओं का चयन किया। जूरी के अन्य सदस्यों में खुशी कबीर (बांग्लादेश), बिंदा पांडे (नेपाल) सलिल शेट्टी (भारत) और नमिता भंडारे (भारत) शामिल थी।

कमला भसीन पुरस्कार के लिए जूरी की अध्यक्षता करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आवेदनों की उच्च गुणवत्ता ने जूरी के काम को बेहद चुनौतीपूर्ण बना दिया और मुझे खुशी है कि हम दो स्पष्ट विजेताओं को चुन पाए जिनके जीवन और कार्य में वह भावना झलकती है जिसके लिए कमला खाड़ी थी , विजेताओं के नाम की घोषणा करते हुए अनु आगा ने कहा।

आजाद फाउंडेशन की संस्थापक, मीनू वडेरा ने कहा, ÷यह पुरस्कार कमला के जीवन की अनेक उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है। यह ट्रांसजेंडर पुरुषों और महिलाओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए भी है।

यह पितृसत्ता से लड़ने के लिए ट्रांसजेंडर पुरुषों और महिलाओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करने और एक लिंग-न्यायपूर्ण समाज की दिशा में काम करने के लिए है, जहां महिलाएं गरिमा के साथ आजीविका प्राप्त कर सकती हैं और अपने जीवन और शरीर पर नियंत्रण हासिल कर सकती हैं।÷

पुरस्कार विजेता विद्या राजपूत ने कहा, ÷यह पुरस्कार एक प्रोत्साहन है, यह न केवल मुझे बल्कि मेरे जैसे सभी लोगों को साहस देगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि आज तक हम (ट्रांसजेंडर लोग) केवल अपने परिवार और समाज से अस्वीकृति रहे हैं, यह सम्मान मिलने से हमारे समुदाय में आत्मविश्वास आएगा और यह भविष्य में कई सकारात्मक बदलाव लाएगा।÷

## संक्षिप्त खबरें



### रेलवे स्टेशन का फुट ओवर ब्रिज ढहा,8 की हालत गंभीर

**चंद्रपुर ,27 नवंबर2022(ए)।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर से एक बड़े हादसे की खबर आ रही है। बल्लारशाह रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज का एक हिस्सा ढह गया। इस दौरान कई यात्री ब्रिज से नीचे गिर गए। जानकारी के मुताबिक ब्रिज की ऊंचाई करीब 60 फिट थी. 60 फीट ऊंचाई से लोग नीचे पटरी पर गिरे है।

बता दें कि इस हादसे में करीब 20 यात्री बुरी तरह घायल हुए हैं। जिनमें से 8 की हालत नाजुक बताई जा रही है। गौरतलब है कि काजीपेट पुणे एक्सप्रेस पकड़ने के लिए कई यात्री 1 नंबर प्लेटफार्म से 4 नंबर प्लेटफार्म पर जा रहे थे।तभी अचानक इस पुल का एक हिस्सा ढह गया। घायल यात्रियों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया है। पुल गिरने की घटना पर एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि यह घटना करीब 5 बजे की है। जब अचानक से पुल बीच से ही नीचे आ गिरा।रेलवे ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया है जहां उनका इलाज चल रहा है. इस दौरान करीब 20 लोग घायल हुए हैं। उनमें से 13 लोगों की जानकारी सामने आई है।




### सोते हुए परिवार को गोलियों से भूना,3 सगे भाइयों की मौके पर मौत

**भरतपुर ,27 नवंबर2022(ए)।** भरतपुर जिले के कुम्हेर थाना इलाके के गांव सिकरोरा में आपसी रंजिश को लेकर देर रात फायरिंग का मामला सामने आया है। इस दौरान 3 लोगों की गोली लगने से मौत हो गई। तीनों मृतक सगे भाई थे। वहीं गोली लगने से इसी परिवार के तीन अन्य लोग भी घायल हैं जिनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला। पुलिस ने मृतकों के शवों को स्थानीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना से वहां तनाव फैल गया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं।

### शादी से मना करने पर सिरफिरे ने गोली मारकर की हत्या



**मेरठ ,27 नवंबर2022(ए)।** उत्तर प्रदेश के राज्य परिवहन विभाग में कार्यरत एक महिला क्लर्क ने शादी से इन्कार कर दिया तो हताश प्रेमी ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। यह घटना 11 नवंबर को हुई थी। लेकिन शव दो हफ्ते बाद बरामद किया गया था। पुलिस के मुताबिक सनी कुमार नाम के व्यक्ति ने उसके शव को जंगल में फेंक दिया था, घर लौटा और खुद को गोली मारने की कोशिश की। वह फिलहाल बेहोश है और अस्पताल में भर्ती है।

## किसान को मिला फसल बीमा का सिर्फ 90 रुपये

**मुंबई ,27 नवम्बर 2022(ए)।** महाराष्ट्र में आफत बन कर आई भारी बारिश ने कई किसानों को तबाह कर दिया है। बारिश के कारण जानमाल के साथ किसानों की फसलें बर्बाद हो गई है। किसानों ने दावा किया कि उन्हें बहुत कम मुआवजा राशि मिली है। एक किसान ने दावा किया है कि नुकसान के लिए उसे केवल 90 रुपये मिले हैं। वहीं इस मामले पर संपर्क करने पर, राज्य के कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार ने कहा कि कुछ किसानों को बहुत कम राशि प्राप्त हुई है, लेकिन सरकार बीमा कवरेज को बढ़ाने और दावा निपटान प्रणाली को गतिशील बनाने की कोशिश करेगी।



राज्य के राहत एवं पुनर्वास विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि औरंगाबाद जिले के 7.48 लाख किसानों ने 2022 खरीफ सीजन में सरकार की फसल बीमा योजना का लाभ उठाया था, लेकिन दीवाली त्योहार से पहले व्यापक बारिश के बावजूद केवल 1.84 लाख किसानों के दावों को बीमा द्वारा अनुमोदित किया गया है। राज्य सरकार के आंकड़ों से यह भी पता चला है कि 1.03 लाख किसानों ने अहमदनगर में अत्यधिक बारिश के कारण फसल क्षति के लिए अपना दावा प्रस्तुत किया है, अब तक केवल 20,226 दावों को मंजूरी दी गई है और 9.78 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।

### किसी को 90 रुपये तो किसी को 356 रुपये मिला मुआवजा

विदर्भ के अकोला जिले की बालापुर तहसील के एक किसान ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि मैंने किसी भी प्राकृतिक आपदा के खिलाफ अपनी कपास की फसल का बीमा कराने के लिए 2,000 रुपये से अधिक का भुगतान किया। अत्यधिक बारिश ने दो एकड़ में कपास के बागान को बुरी तरह प्रभावित किया, लेकिन मेरे पास इसके एवज में केवल 90 रुपये का भुगतान किया गया है। नांदेड़ जिले की किनवट तहसील के एक अन्य किसान, जो अपना नाम नहीं बताना चाहते थे, ने कहा कि उन्हें फसल बीमा कंपनी द्वारा मुआवजे के रूप में 356 रुपये का भुगतान किया गया है। बुलढाणा जिले की खमनगांव तहसील के एक किसान गोपाल रहाणे को 1,147 रुपये मिले, जबकि उन्होंने लगभग एक हेक्टेयर भूमि में फैली अपनी कपास की फसल के लिए 2,819 रुपये का प्रीमियम चुकाया था। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत उनकी कुल बीमा राशि 56,384 रुपये है। लेकिन, अपने कपास बागान के महत्वपूर्ण नुकसान के बावजूद, रहाणे ने कहा कि उन्हें केवल 1,147 रुपये का भुगतान किया गया है।

### अजीत पवार ने उठाए सवाल

महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता अजीत पवार ने हाल ही में राज्य सरकार से फसल बीमा योजना और इसकी भुगतान प्रणाली को कारगर बनाने के लिए कहा। पवार ने मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए कहा था कि किसानों को राज्य सरकार के खिलाफ कार्रवाई के लिए अदालत जाने के लिए मजबूर न करें। किसानों ने बड़ी संख्या में फसल खोई है और उन्हें उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए।

### कृषि मंत्री ने समस्या के समाधान का जल्द दिया आश्वासन

हालांकि, कृषि मंत्री सत्तार ने किसानों के बीमा दावों के मुद्दे को जल्द ही हल करने का आश्वासन दिया। यह सच है कि कुछ किसानों को बहुत कम राशि प्राप्त हुई, लेकिन हम बीमा कवरेज को व्यापक बनाने और दावा निपटान प्रणाली को गतिशील बनाने की कोशिश करेंगे।

## अंतरिक्ष में राकेट भेज कर युवाओं ने बढ़ाया देश का गौरव:मोदी

**नई दिल्ली,27 नवम्बर 2022(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को रेडियो एवं विभिन्न इलेक्ट्रानिक चैनलों के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम के तहत देश को सम्बोधित करते हैं। उन्होंने आज के एपिसोड में कहा कि हम बहुत तेजी से इस कार्यक्रम के शतक की तरफ बढ़ रहे हैं। यह कार्यक्रम मेरे लिए 130 करोड़ देशवासियों से जुड़ने का एक और माध्यम है। हर एपिसोड से पहले, गांव-शहरों से आये ढ़ेर सारे पत्रों को पढ़ना, बच्चों से लेकर बुजुर्गों के ऑडियो मैसेज को सुनना, ये मेरे लिए एक आध्यात्मिक अनुभव की तरह होता है।



पीएम ने कहा, जी-20 की दुनिया की जनसंख्या में दो-तिहाई, वैश्विक व्यापार में तीन-चौथाई और वर्ल्ड जीडीपी में में 85 प्रतिशत भागीदारी है। आप कल्पना कर सकते हैं कि भारत अब से ती दिन बाद यानी एक दिसंबर से इतने बड़े समूह की, इतने सामर्थ्यवान समूह की, अध्यक्षता करने जा रहा है। जी-20 की अध्यक्षता, हमारे लिए एक बड़ा मौका बनकर आई है। हमें इस मौके का पूरा उपयोग करते हुए विश्व कल्याण पर ध्यान केंद्रित करना है। पीएम मोदी ने कहा, चाहे शांति हो या एकता, पर्यावरण से लेकर संवेदनशीलता की बात हो या फिर सतत विकास की, भारत के पास, इनसे जुड़ी चुनौतियों का समाधान है। हमने एक दुनिया, एक एक परिवार ओर एक भविष्य की जो थीम दी है, उससे वसुधैव कुटुम्बकम के लिए हमारी प्रतिबद्धता जाहिर होती है। उन्होंने कहा, आने वाले दिनों में, देश के अलग-अलग हिस्सों में त्न-20 से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान, दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से लोगों को आपके राज्यों में आने का मौका मिलेगा। मुझे भरोसा है कि आप अपने यहाँ की संस्कृति के विविध और विशिष्ट रंगों को दुनिया के सामने लाएंगे। आपको ये भी याद रखना है कि त्न-20 में आने वाले लोग, भविष्य के टूरिस्ट भी हैं।

**पुरानी पेंशन स्कीम को दोबारा शुरू करने पर चिंता में आया नीति आयोग ने कहा**


## भविष्य के करदाताओं पर पड़ेगा अतिरिक्त बोझ

**नई दिल्ली,27 नवम्बर 2022 (ए)।** नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कुछ राज्यों द्वारा पुरानी पेंशन योजना को फिर से शुरू करने पर चिंता जताई है। बेरी का कहना है कि इस फैसले से भविष्य के करदाताओं पर अतिरिके त बोझ पड़ेगा।

उ-े होंने एक इंटरव्यू में कहा कि पूंजीगत व्यय बढ़ाने और राजकोषीय मजबूती के जरिए निजी क्षेत्र को आगे बढ़ाने पर जोर दिया है। इस दौरान उ-े होंने कहा कि वो पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को दोबारा शुरू करने को लेकर चिंतित हैं। इसका असर भविष्य के करदाताओं और नागरिकों पर पड़ेगा।

### ओपीएस को एनडीए ने किया था बंद

बता दें कि ओपीएस, जिसके तहत सरकार द्वारा पूरी पेंशन राशि दी जाती थी, एनडीए सरकार द्वारा 1 अप्रैल, 2004 से बंद कर दी गई थी। नई पेंशन योजना के तहत, कर्मचारी अपने मूल वेतन का 10 फीसद पेंशन के लिए योगदान करते हैं, जबकि राज्य सरकार इसमें 14 फीसद योगदान करती है।



बेरी ने कहा कि उ-े हें लगता है कि सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा के योंकि सभी भारत को एक विकसित अर्थव्यवस्था बनाना चाहते हैं और इसके लिए काम करना चाहते हैं। दो कांग्रेस शासित राज्यों, राजस्थान और छत्तीसगढ़ ने पहले ही ओपीएस को लागू करने का फैसला कर लिया है, जबकि भाजपा शासित हिमाचल प्रदेश ने राज्य में सत्ता में आने पर इस योजना को बहाल करने का वादा किया है।

### इन राज्यों ने लिया है फैसला

झारखंड ने भी ओपीएस को वापस करने का फैसला किया है, जबकि आम आदमी पार्टी शासित पंजाब ने हाल ही में ओपीएस को फिर से लागू करने की मंजूरी दी है। बेरी के मुताबिक सामान्य तौर पर, राज्य की उधारी आरबीआई द्वारा प्रभावी रूप से सीमित होती है।

बेरी ने ये भी कहा कि पेंशन जैसी योजनाओं के ऐलान से सरकारों को लाभ होता है। लेकिन इसका भार भविष्य की सरकारों और नागरिकों को उठाना होगा। इसलिए सभी राजनीतिक दलों को ऐसे उपाय करने होंगे जिससे लोगों के हितों की रक्षा की जा सके।

## शरणार्थियों की बढ़ती संख्या देश के लिए बड़ी चुनौती

**आइजोल ,27 नवम्बर 2022(ए)।** बांग्लादेश में जनजातियों पर हो रहे अत्याचार ने हिंसक रूप ले लिया है। हिंसा से बचने के लिए बड़ी संख्या में बांग्लादेशी शरणार्थी भारत पहुंचे हैं। मिजोरम आने वाले कुकी-चिन जनजातीय शरणार्थियों की संख्या बढ़ती जा रही है । शरणार्थियों की संख्या अब बढ़कर 300 के करीब हो गई है । इस मामले की जानकारी रखने वाले एक स्थानीय नेता ने इसकी जानकारी दी है । स्थानीय शरणार्थी आयोजन समिति के अध्यक्ष गॉस्पेल हमांगईहजुआला ने बताया कि 21 कुकी-चिन शरणार्थियों ने बांग्लादेश के चटगांव हिल ट्रैक्ट से सीमा पार की।सीएचटी में कथित हिंसा के कारण मिजोरम आए कुकी-चिन शरणार्थियों के मद्देनजर लवंगतलाई जिले के परवा गांव के ग्रामीण प्राधिकारियों और गैर-सरकारी संगठनों ने हाल ही में इस आयोजन समिति का गठन किया था।



बता दें कि कुकी-चिन जनजाति बांग्लादेश, मिजोरम और म्यांमार के पहाड़ी इलाकों में फैली हुई है। गॉस्पेल ने बताया कि शरणार्थियों के सीमा पार करने के तुरंत बाद सीमा सुरक्षा बल सीमावर्ती गांव से लगभग 21 किलोमीटर दूर स्थित परवा गांव में इन्हें लेकर आए । उन्होंने बताया कि इस समय बांग्लादेश के कुल 294 लोगों ने परवा के एक स्कूल, एक सामुदायिक सभागार, एक आंगनवाड़ी केंद्र और एक उप-केंद्र में शरण ले रखी है।

### मिजोरम सरकार ने व्यक्त की सहानुभूति

परवा ग्राम परिषद के अध्यक्ष गोस्पेल ने बताया कि कुकी-चिन शरणार्थियों को एनजीओ द्वारा भोजन, कपड़े और अन्य राहत सामग्रियां उपलब्ध कराई जा रही हैं । उन्होंने बताया कि शरणार्थियों का पहला जत्था 20 नवंबर को लवंगतलाई जिले में दाखिल हुआ था । कुकी-चिन समुदाय के लोग बांग्लादेशी सेना और एक जातीय विद्रोही समूह कुकी-चिन नेशनल आर्मी के बीच सशस्त्र संघर्ष के बाद अपने घर छोड़कर मिजोरम आ रहे हैं । राज्य सरकार के अधिकारियों ने फिलहाल इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं की है।

मिजोरम की कैबिनेट ने कुकी-चिन शरणार्थियों के प्रति मंगलवार को सहानुभूति व्यक्त की थी और उन्हें अस्थायी आश्रय, भोजन और अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने का निर्णय लिया था. 'सेंट्रल यंग मिजोरम एसोसिएशन' ने भी जातीय मिजो शरणार्थियों को मानवीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है।

## चूहे को पानी में डुबोकर मारने के आरोप में 10 घंटे खानी पड़ी हवालात की हवा

**बदायूं ,27 नवंबर2022(ए)।** चूहे को पानी में डुबोकर मारने के आरोप में एक व्यक्ति को 10 घंटे पुलिस हिरासत में बिताना पड़ा। आरोपी की पहचान मनोज कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने मामले की जांच की जा रही है। हालांकि सर्कल अधिकारी आलोक मिश्रा ने कहा कि मामले में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम लागू नहीं होता, क्योंकि चूहे जानवरों की श्रेणी में नहीं आते हैं।

उन्होंने कहा, हमने मामले में कानूनी राय मांगी है और उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि पशु कार्यकर्ता विकेंद्र शर्मा ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी।



विकेंद्र ने अपनी शिकायत में कहा, मैंने देखा कि आरोपी चूहे की पूंछ में पत्थर बांधकर और उसे नाली के पानी में डुबो कर उसे प्रताड़ित कर रहा था। मनोज कुमार ने उससे पूछताछ की तो उसने जवाब दिया कि वह इस हरकत को दोहराएगा। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसने चूहे को छुड़ाने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं रहा।

दिलचस्प बात यह है कि पुलिस ने मृत चूहे को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए पशु चिकित्सालय भेज दिया। लेकिन पशु चिकित्सा अस्पताल के कर्मचारियों ने शव परीक्षण करने से इनकार कर दिया। इसके बाद मृत चूहे को बदायूं से लगभग 60 किलोमीटर दूर बरेली में भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) भेजा गया।

एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि आईवीआरआई के अधिकारियों ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। उन्होंने कहा कि मृत चूहे की जांच के लिए शिकायतकर्ता ने खुद 225 रुपये का भुगतान किया।

## गणतंत्र दिवस समारोह में आएंगे मिस्र से मेहमान

**नई दिल्ली,27 नवम्बर 2022 (ए)।** भारत में इस बार गणतंत्र दिवस के अवसर पर मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि भी कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक, पीएम नरेंद्र मोदी की तरफ से अब्देल फतह को आमंत्रण भेजा गया था, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। यह पहला मौका है जब मिस्र के राष्ट्रपति भारत में गणतंत्र दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।



बताया जा रहा है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अक्टूबर 2022 में अपने मिस्त्र दौरे में राष्ट्रपति अब्देल फतह से मुलाकात की थी। तब अब्देल को प्रधानमंत्री की तरफ से राजकीय मेहमान बनने का आमंत्रण दिया था। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि भारत और मिस्त्र के बीच गहरे संबंध हैं। दोनों ही देश इस साल कूटनीतिक संबंध बनने की 75वीं सालगिरह मना रहे हैं।

### दो साल बाद आएंगे विदेशी मेहमान

कोरोना संक्रमण की वजह से कोई विदेशी मेहमान बीते दो साल 2021 और 2022 के गणतंत्र दिवस समारोह में हिस्सा नहीं ले सके थे। ऐसे में दो साल बाद कोई विदेशी मेहमान गणतंत्र दिवस में शामिल होने भारत आ रहे हैं।

### जी-20 में मिस्र को भारत का आमंत्रण

गौरतलब है कि भारत जी-20 समिट की मेजबानी करने जा रहा है। भारत ने समिट में गैर-सदस्यीय देशों को आमंत्रित किया है। इन देशों में मिस्त्र भी शामिल है। गणतंत्र दिवस और जी20 समिट, मिस्त्र के राष्ट्रपति एक साल में दो बार भारत का दौरा करेंगे।

## संपादकीय

# ना जवाबदेही, ना कार्रवाई!

क्या कैदियों की इन स्थितियों में फर्क के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि तमाम सत्ताधारियों में अपने यानी राजनीतिक वर्ग के व्यक्तियों मामले में एक तरह की सहमति होती है?

दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को जेल में मिल रही सुविधाओं के वीडियो ने एक बार इस देश में खास और आम लोगों की हैसियत में फर्क का अहसास कराया है। हैरतअंगेज यह है कि इन वीडियो के चर्चित होने के बावजूद ना तो उन सुविधाओं को रुकवाने की कोई पहल हुई है, ना ही इन सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के मामले में जवाबदेही तय हुई है। भारतीय जनता पार्टी ने जेल में फल और सलाद खाते हुए कथित फुटेज जारी किया है। इससे पहले वह जैन की मसाज का वीडियो भी जारी कर चुकी है। उसका आरोप लगाया है कि जैन जेल में रहते हुए वीआईपी सुविधा पा रहे हैं। लेकिन क्या केंद्र में सत्ताधारी पार्टी की जिम्मेदारी यहीं खत्म हो जाती है? दिल्ली प्रशासन उप-राज्यपाल की प्रमुख भूमिका है।

आम तौर पर उप-राज्यपाल और अरविंद केजरीवाल सरकार एक दूसरे के खिलाफ मोर्चा संभाले दिखते हैं। लेकिन इस मामले में उप-राज्यपाल या उनके माध्यम से केंद्र सरकार का कोई पहल ना करना आश्चर्यजनक है। जहां तक केजरीवाल सरकार और आम आदमी पार्टी का संबंध है, तो ये भ्रम अब किसी को नहीं बचा है कि उनका सचमुच आम आदमी से कोई जुड़ाव है। वैसे में वे भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए अपने नेता को नियमों की अनदेखी कर जेल में सुख-सुविधाएं मुहैया करवा रहे हों, तो उसमें किसी को हैरत नहीं होगी। जैन पिछले पांच महीनों से मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में न्यायिक हिरासत में हैं। मीडिया में तिहाड़ के सूत्रों के हवाले से दी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि जैन तिहाड़ की जेल नंबर-7 की एक सेल में अकेले बंद हैं। उन्हें दिए गए अतिरिक्त तकिए, कुर्सी और अन्य कैदियों से मिलने पर रोक लगा दी गई है। जबकि जारी वीडियो से कुछ अलग कहानी सामने आई है। अब जैन को मिल रही कथित सुविधाओं की आम कैदियों के हाल से तुलना कीजिए। या भीमा कोरेगांव मामले में जेल गए दिवंगत फादर स्टेन स्वामी या अन्य व्यक्तियों की मिसालों पर ध्यान दीजिए। क्या इन स्थितियों में फर्क के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि तमाम सत्ताधारियों में अपने यानी राजनीतिक वर्ग के व्यक्तियों मामले में एक तरह की सहमति होती है?

# डिग्रियां तो पढ़ाई के खर्चे की रसीदें है,ज्ञान तो वही है जो किरदार में झलके

## व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान में परिपक्व व्यक्तित्व का किरदार किताबी ज्ञान की डिग्री लेने पर सोने पर सुहागा होगा

सृष्टि में अनमोल बौद्धिक ज्ञान का धनी मानवीय प्राणी को जन्म से ही परिवार, समाज, मानवीय संपर्कों से व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान मिलना शुरू हो जाता है। याने जैसे जैसे मानुष बाल्य काल से बचपन और फिर युवा होता है, वैसे-वैसे व्यवहारिक ज्ञान शिक्षा के माध्यम से ऑटोमेटिक अली स्वत संज्ञान से उसकी बौद्धिक क्षमता परिपक्व होती जाती है और फिर स्कूल कॉलेज से लेकर अनेक डिग्रियों यानें किताबी ज्ञान पाकर सोने पर सुहागा की कहावत हम पूरी करते हैं। इस तरह हम देखते हैं कि, शिक्षा दो तरह की होती है। एक किताबी शिक्षा और दूसरी व्यवहारिक शिक्षा। अगर किताबी शिक्षा के साथ साथ हमको व्याहारिक शिक्षा का ज्ञान नहीं है तो हम शिक्षित होते हुए भी अशिक्षित की श्रेणी में आयेंगे। और अगर हमको शिक्षा के साथ साथ व्योहारिक ज्ञान भी है तो हम शिक्षित लोगो की श्रेणी में आयेंगे।

साथियों भारत में कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि कौशलता विकास पर जोरदार तरीके से फोकस किया जा रहा है जिसके लिए केंद्र सरकार द्वारा एक अलग से कौशलता विकास मंत्रालय का भी गठन किया गया है जो अनेक राज्यों में विभिन्न स्तरों पर कौशलता विकास का जन जागरण अभियान चला रहा हैं। इसके लिए हुनर हाट सहित अनेकों कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मेरा मानना है कि इनका सबसे सटीक कारण हर नागरिक को नौकरी पाने वाला नहीं नौकरी देने वाला बनाना है, जिससे बेरोजगारी की समस्या भी दूर होगी और जो कौशलता के रूप में ज्ञान प्राप्त करेंगे, उनके किरदार में भी झलकेगा जो हमारी सदियों पुरानी संस्कृति भी रही है। इसके विपरीत हम देखते हैं कि किताबी पढ़ाई वाली डिग्रियां जिसे हम पढ़ाई के खर्चे की रसीदें भी कर सकते हैं, प्राप्त करने के बाद भी इंटर्नशिप या प्रैक्टिकल ट्रेनिंग लेना जरूरी होता है। केवल डिग्री के बलपर हम अपने व्यवसाय में प्रैक्टिस नहीं कर सकते या किसी जॉब में शामिल होने के बाद भी उसकी ट्रेनिंग लेनी होती है और हमारा किरदार उसमें झलकता है कि हम इसके विशेषज्ञ हैं फ़िर भी अक्सर देखा गया है कि बड़ी-बड़ी डिग्रियां प्राप्त करने के बाद जब सेवा करनें का मौका आता है तो अनेक लोग विदेशों में जाकर सेवाएं प्रदान करते हैं और वही बस जाते हैं इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि डिग्रियां तो पढ़ाई की रसीदें हैं, परंतु ज्ञान तो वही है जो किरदार में झलके।

साथियों बात अगर हम किताबी ज्ञान की करें तो, परिभाषा के अनुसार जिसने किताबी ज्ञान अर्जित किया हो और स्कूल कॉलेज की परीक्षाओं को पास करके डिग्री हासिल की हो वो शिक्षित है, और जिसे अक्षर ज्ञान ना हो, वो किताबी अनपढ़।पर क्या शिक्षा का अर्थ सिर्फ केवल किताबी ज्ञान अर्जित करना ही है? एक शिक्षित इंसान के द्वारा फेंका हुआ कचरा, अगर सुबह एक किताबीअशिक्षित इंसान (सफाई कर्मचारी) उठाता है।ऐसे में किसे शिक्षित कहना चाहिए सफाई कर्मचारी को या कचरा फेंकने वाले को? आजकल की शिक्षा ऐसे ही रट्टा फिकेसन की शिक्षा होती जा रही है। जहाँ मतलब समझ आए या ना आए, बस रट्टा मारों और पास हो जाओ।

साथियों शायद इसीलिये किताबी पढ़े-लिखे अनपढ़ों की संख्या बढ़ती जा रही है। पिछले कुछ दशकों में शिक्षा का स्तर काफी बढ़ गया है पर शिक्षा की वैल्यू खत्म होती जा रही है। ध्यान दे तो याद आता है जहाँ कुछ साल पहले ग्रेजुएशन ही काफी था, आज पोस्ट ग्रेजुएशन,क्या पीएचडी की भी कोई वैल्यू नहीं है। तकनीकी शिक्षा पर जोर है। तकनीकी शिक्षा गलत नहीं है पर सिर्फ तकनीकी शिक्षा से काम नहीं चलेगा।

साथियों बात अगर हम किताबी शिक्षित और किताबी अनपढ़ व्यक्तियों की करें तो, बहुत अंतर है। किताबीअनपढ़ आदमी केलकुलेटर चलाना नहीं जानता सारा हिसाब किताब उंगलियों से करना पड़ता है पढ़ा-लिखा आदमी विना केलकुलेटर के चार में से दो घटाने के लिए भी अपनी उंगली नहीं घिसता। किताबी अनपढ़ व्यक्ति के पास अपने अनुभव के अतिरिक्त कुछ नहीं होता जबकि पढ़ा-लिखा व्यक्ति और के अनुभव भी उपयोग में ले आता है। किताबी अनपढ़ व्यक्ति अधिक प्रेक्टिकल होता है शिक्षित व्यक्ति इतनानही होता।कहीं बाहर जाने पर पढ़ा-लिखा व्यक्ति आसानी से पता ढूढ लेता है जबकि किताबी अनपढ को परेशानी होती है।एक युग था जब समाज में किताबी अनपढ बहुत थे तो उनका कामकाज भी उसी तरह चलता था ।आज किताबी अनपढ़ व्यक्ति को हर तरह की परेशानी उठानी पड़ती है। उसे पढ़े-लिखे लोगों पर आश्रित रहना पड़ता है।

साथियों बात अगर हम संस्कारों और विचारधारा की करें तो व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान के परिपक्व व्यक्ति अपने कुल और माता पिता की विचारधारा पर चलकर संस्कारों का परिचय देते हैं। वहीं किताबी ज्ञान डिग्री लेने वाले कुछ अपवादों को छोड़कर संस्कारों और विचारधारा में साफ फर्क दिखा देने लगते हैं अपने कुल और माता पिता की विचारधारा पुरानी और ढकोसली लगने लगती है रिश्ते नातों में कमजोरी को बल मिलता है और विवाहित होने पर सिर्फ अपने परिवार की जवाबदारी तक सीमित हो जाते हैं जबकि व्यवहारिक ज्ञान के धनी व्यक्तियों में ऐसा नहीं है परंतु यह हम जरूर कहेंगे के किताबी ज्ञान वालों से अधिक ज्ञान समझ रखने वाले व्यवहारिक ज्ञान के धनी व्यक्तियों के दोनों हाथों में मलाई होती है जिससे स्थिति अनुसार प्रयोग में करते हैं स्थिति बिगड़ी तो तुम तो पढ़े लिखे हो!! हम ठहरे अनपढ़, हमको क्या समझता है!! और परिस्थिति का हमारे तरफ झुकाव रहा तो, देखो तुम तो पढ़े लिखे हो!! तुम्हारी पढ़ाई लिखाई किस काम की? हम तो अनपढ़ ही अच्छे है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि, शिक्षा ऐसी होनी चाहिये जो हमारे मानवीय गुणों को भी विकसित करें। हमें संवेदनशील, सहनशील और व्यवहारिक के साथ-साथ देश और समाज के प्रति जागरूक भी बनाएं। जैसे प्राचीन काल में गुरुकुल में होती थी।जहाँ ना सिर्फ पुस्तक ज्ञान सिखाते थे बल्कि आध्यात्मिक, सामाजिक, व्यवहारिक और शस्त्र ज्ञान भी शिक्षा के साथ-साथ ही सिखाया जाता था। अगर अच्छी किताबी शिक्षा या व्यवहारिक शिक्षा होने के बावजूद भी हम दकियानुसी सोच रखते हैं।अपने घर को साफ रखते हैं,पर सड़क पर कचरा करते है।दूसरो की पर्सनल लाईफ़ पर कमेंट करते हैं तो हमारे शिक्षित होने का क्या अर्थ है?इसलिए व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान में परिपक्व व्यक्तित्व का किरदार अगर किताबी ज्ञान की डिग्रियां ले तो सोने पर सुहागा होगा।






एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

## प्रदूषण से कैसे बचें



मईनुद्दीन कोहरी
कोहरियांन,बीकानेर राजस्थान

धरती माँ के हम नन्हें-मुन्ने ।
धरती को प्रदूषण से बचाएं।।
घर-घर में हम पौधारोपण कर ।
पर्यावरण की हम अलख जगाएं।।
आज का पौधा कल पेड़ बने ।
पेड़ की छाया में यात्री सुस्ताए।।
बस्ती में पेड़ शुद्ध हवा बांटे ।
गाँव-गली सब हरीभरी हो जाए।।
पेड़ - पौधे वन-उपवन की शान ।
पेड़ों से भूमि-क्षरण भी न हो पाए।
बजड़ भूमि उपजाऊ बन जाए ।
इन्द्र-राजा खुश हो जल बरसाए।।

(2)

( तुलसी पौधा )

घर - घर के कष्ट दूर भगाएं ।
आओ तुलसी का पौधा लगाएं।।
मम्मी-दादी इसको शीश झुकाएं ।
श्रद्धाभाव से पोधे को जल चढ़ाएं।
छोटी-मोटी बीमारियां हम भगाएं ।
पौधे का पता औषध बन जाए ।।
तुलसी जी का ये प्यारा सा पौधा ।
प्यारा सा ये पौधा सबके मनभाए।
मम्मी जी का ये प्यारा सा पौधा।
घर - आँगन की ये शान बढाए।।

( सुबह -भ्रमण )

सुबह भ्रमण को हम जाएं ।
ठंडी - ठंडी हवा में नहाएं ।।
वो देखो-देखो कौन आए ।
बन्दरों की फौज शोर मचाए।।
नाच रहे ठुमक-ठुमक मोर ।
भ्रमण-पथ पर ये दृश्य भाए।।
नन्हीं चिड़ियों के मधुर तराने ।
मैना-तीतर मिल सुर मिलाए ।।

## उफ! ये जालिम सर्दी



उदय किशोर साह
जयपुर
बॉका बिहार

उफ ये जालिम सर्दी आई
ठंडक ने की मुश्किल को बढ़ाई
रात पछुवा हवा बहुत रूलाता
जालिम हड्डी तक को ठिठुराता
उफ ! ये जालिम सर्दी आई
पहाड़ी हवा मैदान तक ले आई
पानी भी वर्फ सा नखरा दिखलाता
गर्म पानी हम सब को फूसलाता
उफ ! ये जालिम सर्दी आई
जन जन के कानों में समाई
रात रजाई तन मन को सहलाता
ठंडक से राहत फरमाता
उफ ! ये जालिम सर्दी आई
दीन दुखियों को कष्ट पहुँचाई
जिनके पास नहीं है कोई चादर
रात कटता दुःख का छाया बादर
खेत खलिहान में गंगू चाचा
पछुवा पवन से जूझता अन्नदाता
बेशरमी हवा जोर बतियाता
फिर भी इरादा ना तोड़ पाता
सूरज धरती से दूरी बनाया
अपनी तपिश को कम दिखाया
छत की मुड़ेर पर किरणे जब आती
आनन्द में बैठे सब साथी
जंगल में सियार जब जब रोता
ठंडक को तन मन से कोसता
काश ! ये ठंडक धरा पे ना आती
सदाबहार मौसम सब को भाती

# भारत में हैं असीम संभावनाएं

अमेरिकी प्रशासन ने चीन के साथ उच्च गुणवत्ता वाले सेमीकंडक्टरचिप्स के आयात, निर्यात, वितरण सहित बौद्धिक संपदा के आदान-प्रदान पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। इस कदम को अभी हाल के दिनों में अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनातनी का अमेरिकी प्रतिक्रिया समझा जा सकता है। वैसे तो, चीन अभी चिप का बड़ा उत्पादक नहीं बन पाया है, लेकिन दुनिया भर में निर्मित 35-40 प्रतिशत चिप को चीन ले जाकर ही असेम्बल किया जाता है। जाहिर है प्रतिबंध का उद्देश्य 5जी, रक्षा, आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स इत्यादि क्षेत्रों में चीन के प्रभाव को कम करना है।

प्रतिबंध के कारण जहां चीन बढ़िया गुणवत्ता वाले सेमीकंडक्टर के निर्माण से वंचित रहेगा वहीं हमारे देश भारत सहित कई देशों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। विशेषज्ञ वर्तमान समय के सेमीकंडक्टरचिप की तुलना 1970 के दशक के परमाणु तकनीक से कर रहे हैं। हालांकि तब भारत के परमाणु क्षेत्र में बढ़ते प्रयासों पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों में चीन भागीदार बना था, लेकिन बदलते भू-राजनीतिक परिस्थितियों में आज प्रतिबंध चीन पर लगा है और भारत प्रमुख देशों के संगठन जी-20 का अध्यक्ष बनकर नियम तय करने वाली भूमिका में आ चुका है।

सेमीकंडक्टर चिप्स आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी युग के संवाहक है और एयरोस्पेस, ऑटोमोबाइल, संचार, स्वच्छ ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी एवम चिकित्सा उपकरणों सहित अर्थव्यवस्था के लगभग सभी क्षेत्रों के लिए आवश्यक बन चुके हैं। व्यक्तिगत, आर्थिक और व्यावसायिक गतिविधियों के बड़े हिस्से को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के क्रम में चिप-संचालित कंप्यूटर और स्मार्टफोन की उपयोगिता बढ़ती जा रही है। सेमीकंडक्टर सिलिकॉन या जर्मेनियम जैसे शुद्ध तत्वों अथवा गैलियम, आर्सेनाइड या कैडमियमसेलेनाइड जैसे यौगिक से बने होते हैं और सभी आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी उत्पादों के संचालक के रूप में उपयोग में लाये जाते हैं।

वर्तमान में चिप की मांग आपूर्ति से कई गुना ज्यादा बढ़ गई है, और चिप की वैश्विक स्तर पर काफी कमी हो गई है, जिसके कारण कई देशों की सरकारों ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अरबों डॉलर के प्रोत्साहन, निवेश इत्यादि की घोषणा की है। जुलाई के अंत में अमेरिकी सीनेट ने 52 अरब डॉलर की उद्योग सब्सिडी के लिए एक विधेयक पारित किया। रॉयटर्स के खबर के मुताबिक, फ्रांस में, 5.7 अरब डॉलर के चिप व्यवसाय को पर्याप्त सरकारी समर्थन प्राप्त होने की उम्मीद है। प्रसिद्ध चिप निर्माता कंपनी इंटेल की अगले दशक में पूरे यूरोप में 80 अरब यूरो से अधिक निवेश की योजना है। भारत सरकार ने भी चिप के घरेलु निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए 10 अरब डॉलर के प्रोत्साहन की घोषणा की है। भारत सरकार ने, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन की स्थापना की है, जो डिजिटल इंडिया के अंतर्गत एक स्वतंत्र प्रभाग है और जिसका उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में भारत को एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। भारत में सेमीकंडक्टर का वर्तमान बाजार 24 अरब डॉलर का है, जो विशेषज्ञों के अनुसार वर्ष 2026 तक 80 अरब डॉलर के पार पहुंच जाएगा।

वर्तमान में सेमीकंडक्टर की आवश्यक आपूर्ति शत-प्रतिशत आयात से हो रही है। गौरतलब है कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कई चुनौतियां भी हैं। जैसे यह एक बहुत ही जटिल और गूढ़ प्रौद्योगिकी क्षेत्र है, जिसमें अत्यधिक पूंजी निवेश, उच्च जोखिम, निवेश वापसी की लंबी अवधि और प्रौद्योगिकी में तेज बदलाव शामिल हैं। चिप निर्माण इकाइयों को कई अन्य संसाधनों जैसे लाखों लीटर स्वच्छ पानी, अत्यंत स्थिर बिजली आपूर्ति, बड़ा भूभाग और अत्यधिक कुशल कार्यबल की आवश्यकता नियमित तौर पर होती है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने वर्ष 2021 में डिज़ाइन लिंकड्इंसेंटिव योजना की शुरु आत की, जिसके अंतर्गत सेमीकंडक्टर डिजाइन में शामिल देश की न्यूनतम 20 घरेलू कंपनियों का पोषण कर अगले 5 वर्षों में 1500 करोड़ रु पये से अधिक का कारोबार हासिल करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

सेमीकंडक्टर की घरेलू आवश्यकता के साथ वैश्विक मांग में भी तेज वृद्धि हो रही है, जिसे भारत पूरा कर सकता है। इसके लिए वर्तमान क्षमता को बढ़ाकर एक बेहतर पारिस्थितिकी तंत्र बनाना होगा। बहरहाल भारत को बदलते वैश्विक परिदृश्य में सेमीकंडक्टर से संबंधित चार बिंदुओं पर विशेष ध्यान देना होगा। पहला, सेमीकंडक्टर निर्माण के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना तैयार करना। दूसरा; मानव संसाधन को सेमीकंडक्टर क्षेत्र में दक्ष बनाना। तीसरा; बदलते भूमंडलीय समीकरण में विकसित देशों के साथ मिलकर देश में आधुनिक चिप निर्माण का शुरु आत करना और चौथा- जी20 के अध्यक्ष के तौर पर सेमीकंडक्टर व्यवसाय को मानव सभ्यता के हित में नियमित और नियंत्रित कर इसका गलत इस्तेमाल रोकना।

-प्रभात सिन्हा-

# मोबाइल,इंटरनेट सर्वत्र अति उपयोगी पर मानसिक,शारीरिक व्याधि के सबसे कारण

मोबाइल इंटरनेट वर्तमान युग में अत्यंत उपयोगी है इसके बिना शिक्षा स्वास्थ्य तकनीकी में कार्य नहीं किया जा सकता है पर दूसरी तरफ मनुष्य के मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव भी मोबाइल इंटरनेट और कंप्यूटर से पड़ने लगा है।

टेलीफोन, मोबाइल, इंटरनेट के अविष्कार के बाद मानवीय संचार माध्यम के अविष्कार के साथ साथ संचार विज्ञान के इतिहास में अत्यंत समीचीन तथा भविष्य का एक तूफानी विकास है। विभिन्न संचार माध्यमों के आपस में जुड़े कंप्यूटर एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का समूह कंप्यूटर नेटवर्क कहा जाता है, और इन्हीं कंप्यूटर नेटवर्क का विश्व स्तरीय अंतरजाल को अंग्रेजी में इंटरनेट कहा जाता है। अमेरिका में एक दूसरे के सूचना माध्यमों को जोड़कर जानकारी गुप्त रूप से आदान-प्रदान करने के लिए 1969 में अमेरिका में कंप्यूटर में %अपारनेट% की स्थापना की गई थी। इसी परिकल्पना के साथ कंप्यूटर नेटवर्क, आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्क इंटरनेट के रूप में परिवर्तित हो गया। इंटरनेट का सार्थक उपयोग समाज में शिक्षा संगठन और भागीदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण पॉजिटिव ट्रैक होने के साथ एक चमत्कारिक परिवर्तन समाज में आया है। आज लोगों के शौक खेलना, पढ़ना ,संगीत सुनना, चित्र बनाना ,फोटोग्राफी परिवर्तित होकर 90त्न लोगों के इंटरनेट सर्फिंग, संगीत सुनना और चित्र बनाने जैसे शौक इंटरनेट से मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से पूरे किए जा रहे हैं। विश्व में जनसंख्या के हिसाब से 4 अरब लोग इंटरनेट कंप्यूटर तथा मोबाइल के माध्यम से सुबह शाम इस्तेमाल कर रहे हैं। भारतीय परिपेक्ष में 135 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या वाले देश में लगभग 40त्न लोग मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग कर एक दूसरे से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इंटरनेट एक ऐसा सेवक है जो मोबाइल के माध्यम से आपके सभी आदेशों का पालन करने के लिए दिन रात उपलब्ध है। मोबाइल और कंप्यूटर में उपयोग होने वाला इंटरनेट एक ऐसा अंतरजाल है जिस का आविष्कार सूचनाओं को साझा करने के उद्देश्य किया गया था और अब सूचना प्रौद्योगिकी के इस वर्तमान काल में दस्तावेजों एवं धोनी माध्यम के साथ वीडियो का आदान प्रदान करना भी इंटरनेट के माध्यम से संभव हो गया है। हवाई जहाज की, होटल की, किताबों की और व्यापार बढ़ाने की योजनाओं की बुकिंग इंटरनेट द्वारा घर बैठे कंप्यूटर या मोबाइल से किया जा सकता है। सरकार की प्रशासनिक कार्यों से लेकर व्यापार ,शिक्षा के नव अवसर भी इंटरनेट के माध्यम से पूर्ण किए जाने लगे हैं।

इंटरनेट ने पूरे विश्व को एक दूसरे के एकदम करीब लाने के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी में एक चमत्कारिक परिवर्तन लाया है।

भारत में इस इंटरनेट या अंतरजाल ने जहां पूरे भारत को एक करके रख दिया है वहीं दूसरी तरफ इंटरनेट की सेवाएं जो एयरटेल आइडिया, डोकोमो, टाटा,जिओ और बीएसएनएल जैसी कंपनियां भारतीय उपभोक्ताओं को शहर से लेकर गांव तक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। दूसरी तरफ पूर्व में जहां गरीब उपभोक्ता ₹10 से लेकर ₹100 तक आसानी से रिचार्ज करा लिया करता था ,अब इंटरनेट की कंपनियां ₹200 से लेकर ₹1000 तक बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट की सुविधा भी साथ में उपलब्ध करा रहे हैं जो सीधे-सीधे आम उपभोक्ता के लिए उनकी आर्थिक स्थिति में सेंध मारने जैसा कार्य है। हालांकि यह सेवाएं स्वैच्छिक हैं, उपभोक्ता इंटरनेट की सेवाएं लेना चाहे तो ले अन्यथा केवल बातचीत करने की सेवाएं सी ले सकता है,पर एक बार इंटरनेट इस्तेमाल करने की आदत पड़ने के बाद उपभोक्ता इसका आदी होने लगता है।अब स्थिति यह है कि सीधा 28,58,89 दिनों के लिए इंटरनेट के साथ बात करने की सुविधा महंगी दरों में उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे गरीब उपभोक्ता की जेबों में हमला कर उनका मासिक बजट बिगाड़ने का काम हो रहा है, इस तरह से बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट भी दिया जाना भारत के ग्रामीण क्षेत्र में गरीब व्यक्ति को और भी गरीबी के दलदल में धकेलने जैसा ही है। यह सभी कंपनियों का गरीब उपभोक्ता के जेबों में सीधे-सीधे पैसे निकालने का सुनियोजित षड्यंत्र की तरह कर रहीं है। भारत के हर तीसरे व्यक्ति के पास एंड्राइड या स्मार्टफोन उपलब्ध है और यह बड़ी कंपनियां हर माह इन उपभोक्ताओं को आवश्यक रूप से इंटरनेट उपलब्ध कराने के पैकेज देकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास कर रही है, इस पर प्रभावी नियंत्रण अति आवश्यक है। इस तरह के मोबाइल रिचार्ज पर सरकार को कड़ा कानून बनाकर इस के नियमन पर नियंत्रण रखना होगा। यह एक तरह की उपभोक्ताओं की परोक्ष तथा अदृश्य भावनाओं से खेल कर उनके बजट से आर्थिक लाभ लेने की सुनियोजित योजनाएं हैं ,जिनमें तत्काल नियंत्रण की आवश्यकता होगी। भारत में इंटरनेट सेवा की शुरुआत भारत संचार निगम लिमिटेड ने वर्ष 1995 की थी अब एयरटेल, रिलायंस, टाटा इंडीकॉम, वोडाफोन, जैसी दूरसंचार कंपनियां इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराती है। विज्ञान की प्रकृति के साथ-साथ सूचना संचार माध्यम में आशातीत वृद्धि हुई है। इंटरनेट के माध्यम से न केवल उच्च शिक्षा प्राप्त की जा सकती बल्कि रोजगार प्राप्ति के लिए सहायक होते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में कहा जाता है कि इंटरनेट दुनिया के सबसे बड़ा पुस्तकालय है यहां सभी पुस्तकें पढ़ने के लिए उपलब्ध हैं। इंटरनेट की एक को ही देखकर हमें भारतीय संदर्भ में आम उपभोक्ताओं के आर्थिक बजट को भी ध्यान में रखकर इंटरनेट उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों पर नजर रख बातचीत करने के लिए सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ इंटरनेट उपलब्ध कराना एक विकल्प रखना चाहिए । अन्यथा सीधा-सीधा इंटरनेट कंपनियां भारतीय आम उपभोक्ताओं का बजट बिगड़ने का काम ही कर रही है। इसके अलावा इंटरनेट से बच्चों तक अवांछित नग्न दृश्य भी इंटरनेट आसानी से उपलब्ध कराकर उनके भविष्य से खिलवाड़ भी कर रहा है। लोग इंटरनेट का दुरुपयोग कर अश्लील साइटों को देखने और सूचनाओं को चुराने में भी सकते इससे साइबर अपराधों में वृद्धि हुई है।भया दोहन की घटनाएं भी बार-बार इंटरनेट के माध्यम से आम उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है। अतः भारतीय उपभोक्ताओं को यह सलाह है कि इंटरनेट का ज्ञान की तरह उपयोग करें ,कूड़ेदान की तरह नहीं। यदि इसका सही उपयोग ज्ञान के सागर में गोता लगाने के लिए किया जाए और ज्ञान उपलब्ध हो सके तो इससे अच्छी कोई बात नहीं हो सकती। बस इसके आर्थिक पक्ष पर भी समुचित नजर रखी जानी चाहिए।





संजीव ठाकुर,
चौबे कालोनी रायपुर
छत्तीसगढ़,

## लगता भोले आए हैं



कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम
इन्दौर, मध्यप्रदेश

आंगन में कुछ फूल खिले हैं,
भोले फिर मुस्काए हैं,
बिन मौसम के खुशबू फैली,
लगता भोले आए हैं।
आंगन में कुछ ....
तभी कमल और सेवंती ने,
भोले को आमंत्रण भेजा,
भोले ने फिर नयन झुका कर,
अपनी हामी भर दी ।
आंगन में कुछ ...
बेल, धतूरे और आक ने,
पथ भोले का रोका है,
भोले ने फिर कंठ लगाकर,
अपने दिल से जोड़ा है।
आंगन में कुछ ...
मन मस्ती में झूला देखो,
लगता सावन आया है,
जगर-मगर हो गया है जीवन,
सबके मन को भाया है।
आंगन में कुछ ...
सुबह-सवेरे भोले मेरे,
मन के दीप जलाते हैं,
जीवन का हर कोना -कोना,
खुशियों से भर जाते हैं।
आंगन में कुछ ...

# प्रियंका का करिश्मा हिंदी पट्टी में



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा मध्य प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं। गुरुवार को वे अपने पति और बच्चों के साथ राहुल गांधी की यात्रा में शामिल हुई और बताया जा रहा है कि चार दिन तक वे भी पदयात्रा करेंगी। अब सवाल है कि आधी यात्रा बीत जाने के बाद क्यों प्रियंका को राहुल के साथ चलने के लिए उतारा गया? उनको दक्षिण भारत में जब यात्रा चल रही थी तब वहां क्यों नहीं भेजा गया था? आखिर सोनिया गांधी कर्नाटक में यात्रा में शामिल होने गई थीं और जिस तरह मध्य प्रदेश कांग्रेस के लिए अहम है वैसे ही कर्नाटक का भी महत्व है। यह चर्चा भी हुई थी कि प्रियंका भी मांड्या में यात्रा ज्वाइन करेंगी। लेकिन वे वहां नहीं गई और मध्य प्रदेश में यात्रा में शामिल हुई हैं। असल में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और यात्रा को संयोजन कर नेताओं को लग रहा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा की पहचान हिंदी पट्टी में ज्यादा है। दक्षिण भारत में उन्होंने काम नहीं किया है, जबकि सोनिया और राहुल गांधी वहां ज्यादा सक्रिय रहे हैं। इस सोच के साथ प्रियंका को बचा कर रखा गया था। वे मध्य प्रदेश से यात्रा में शामिल हुई हैं, जहां अगले साल चुनाव होने वाला है। इसके बाद संभव है कि हर राज्य की यात्रा में वे थोड़ी देर के लिए शामिल हों। उत्तर प्रदेश में यात्रा बहुत थोड़े समय के लिए जानी है। इसके बावजूद वे वहां भी पदयात्रा कर सकती हैं। ध्यान रहे वे उत्तर प्रदेश की प्रभारी हैं। राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में हो सकता है कि यात्रा का उनका कार्यक्रम बने। परंतु गुजरात के विधानसभा चुनाव में वे प्रचार के लिए नहीं गई हैं और जाने का कार्यक्रम भी नहीं है।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# पिता से था रंजिश इस लिए मासूम का अपहरण के बाद कर दी हत्या,शव को रहर खेत में किया दफन

## पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 27 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

धौरपुर थाना क्षेत्र में मासूम बच्चे का अपहरण कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मृतक मासूम बालक का रिश्ते का चर्चा है। मृतक के पिता से पुरानी रंजिश के कारण बच्चे का अपहरण कर गला दबाकर उसकी हत्या करने के बाद घर के पास रहर खेत में उसके शव का दफन कर दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दखिल कर दिया है।



मामले का खुलासा करते हुए एसपी भावना गुप्ता ने बताया कि धौरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चंगोरी लोहारपारा निवासी जयाल ने शनिवार को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि शुक्रवार को 6 वर्ष का मेरा बेटा अश्विन स्कूल गया था। शाम को वापस घर आया और खेलने चला गया। इसके बाद उसका कहीं पता नहीं चल रहा है। किसी ने उसका अपहरण कर लिया है। सूचना पर धौरपुर थाना प्रभारी उप निरीक्षक भोज कुमार गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस मौके पर पहुंच कर बालक की तलाश कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने परिजन के बयान के आधार पर गांव के ही अशोक कुमार पिता थीरन उम्र 20 वर्ष हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो वह बताया कि बच्चे के पिता के साथ पुरानी रंजिश होने के कारण अश्विन को खेलने के दौरान अपहरण कर उसका गला दबा कर उसकी हत्या कर दी और उसका शव अपने घर के पास रहर बाड़ी में गड्ढा खोद कर दफन कर दिया है। पुलिस ने आरोपी अशोक को हिरासत में लेकर उसके निशानदेही पर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से मासूम के शव को बाहर निकलवाया गया और पीएम करवाया गया। इधर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 363, 302 व 201 के तहत अपराध दर्ज कर जेल दाखिल कर दिया है। सहायक उप निरीक्षक विजय गुप्ता, सहायक उप निरीक्षक विवेक पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक रामधनी राम, प्रधान आरक्षक जगसाय मरकाम, जयनाथ भगत, आरक्षक सीनू फिरदौसी, सचिन सिन्हा, सतेन्द्र दुबे, बृजेश राय, अतुल सिंह, कष्टहरण पैकरा, दिलीप मिंज, सयनाथ लकड़ा व नेसतोर कुजूर शामिल रहे। इधर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करने पर आईजी रामगोपाल गर्ग ने पुलिस टीम को प्रशंसा करते हुए नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की है।

### आरोपी पुलिस को करता रहा गुमराह

मासूम बालक की अपहरण की सूचना पर पुलिस गांव में पहुंच कर बच्चे की तलाश कर रही थी। इस दौरान आरोपी भी पुलिस के साथ मिलकर बच्चे की तलाशी करने में मदद कर रहा था। आरोपी पुलिस को काफी देर तक गुमराह करता रहा। अंत में परिजन के बयान व शक के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि मृतक के पिता जयपाल से पुरानी रंजीश था। कुछ दिन पूर्व किसी बात को लेकर जयपाल ने आरोपी अशोक के साथ मारपीट किया था। इसी बात को लेकर अशोक ने जयपाल से रंजीश रखता था और बदले की भावना से उसके 6 वर्षीय मासूम बेटे की हत्या कर बदला लेने की बात स्वीकार की है।




## अनुशासन,समय की पाबंदी एवं निरंतर परिश्रम से हासिल किया जा सकता है मुकाम

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 27 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

जवाहर नवोदय विद्यालय खलीबा में पांच दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का समापन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वदीप जिला पंचायत सीईओ ने खेल का जीवन में महत्व को दर्शाते हुए कहा कि ये हमें मानसिक एवं शारीरिक रूप से मजबूत बनाती है। साथ ही बच्चो को जीवन में सफलता के लिए ऊचें लक्ष्य रखने की बात कही। खेलों के प्रति उत्साहित करते हुए उन्होंने अपने जीवन के सारे अनुभवो को साझा करते हुए बताया की आप भी कैसे अच्छे मार्गदर्शन से सफलता को प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि अनुशासन समय की पाबंदी एवं निरंतर परिश्रम द्वारा कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। इस दौरान प्राचार्य डॉ. एसके सिन्हा ने कहा कि खेल हमारे सर्वांगीण विकास के लिए परम आवश्यक है। खेल बच्चों में मानवीय गुणों तथा जीवन में अच्छी आदतों को विकसित करता हैं। अतः प्रत्येक बच्चे को खेल का भी आवश्यक समय विद्यालय में दिया जाता है ताकि वे जीवन जीने की कला भी सिख सकें। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका ओके लाकरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन में विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं का सहयोग भरपुर रहा।

## संविधान दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

- संवाददाता -
सूरजपुर, 27 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

माननीय जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर, श्री गोविन्द नारायण जांगड़े के मार्गदर्शन में संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय रामानुजनगर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर की ओर से पैनल अधिवक्ता श्री रेवती रमण दुबे, पीएलव्ही सत्य नारायण सिंह एवं महाविद्यालय के प्राचार्य श्री राम कुमार साहू, श्री के. के. ओझा एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की उद्देशिका का वाचन कराने एवं अपने कर्तव्यों का पालन करने हेतु शपथ दिलाने के साथ की गई। कार्यक्रम श्री के.के. ओझा ने कहा संविधान हमारे हमारे देश सभी ग्रन्थो से सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ है इसी से हमें हमारे अधिकार प्राप्त है, संविधान हमें अधिकारों के साथ पढ़ने-लिखने की आजादी प्रदान करता है। आगे श्री सत्य नारायण सिंह ने भारतीय संविधान के उद्देशिका में लिखे सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, तथा अवसर की समता का वर्णन करते हुये कहा न्यायिक लडाई में समान अवसर के आधार न्याय सुलभ कराने को सुनिच्चित करने के लिये भारत सरकार द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 पारित किया गया है। विधिक सेवा प्राधिकरण तालुका स्तर से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक गरीब, बेसहारा, आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को न्याय की लड़ाई में तालुका स्तर से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराकर न्याय की लडाई लडने हेतु सहायता प्रदान करती है जिससे आर्थिक रूप कमजोर व्यक्ति को भी लडाई लडने का समान अवसर मिले। उन्होंने आगे बताया की न्याय सब के लिए है न्याय पाने का भी सभी को समान अधिकार है। यदि कोई व्यक्ति अपना प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत करना चाहता है, या आपका कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो आप की गरीबी आपको न्याय दिलाने में रुकावट नहीं होगी।



## ज्ञानयज परिवार हजारों की संख्या में बनाएगा सदस्य

- संवाददाता -
रामानुजगंज, 27 नवंबर 2022 (घटती घटना)

स्थानीय आमंत्रण धर्मशाला में ज्ञानयज्ञ परिवार की एक नियमित बैठक मोहन गुप्ता की अध्यक्षता में कि गई। जिसमें सदस्यता अभियान का शुभारंभ कन्हैया लाल अग्रवाल को सदस्य बनाकर सुनील विश्वास ने किया । बैठक में शहर के आए मानिंद रहवासियों ने आगामी दिसंबर महीने में एक हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। लक्ष्य निर्धारित हेतु संयोजक के रूप में बजरंग गुप्ता एवं राजेश प्रजापति को संयुक्त रुप से जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक रीति रिवाज के साथ हवन कार्य संपन्न कर प्रारंभ किया गया। रायपुर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बजरंग मुनि लोगों से रूबरू होते हुए उन्होंने तातापानी महोत्सव के संबंध में चल रहे तैयारियों के बारे में जानकारी ली इस अवसर पर

रामराज गुप्ता, शुभेंदु महापात्र, रविन विश्वास, संजीत गुप्ता, निर्मल बाला, ज्ञानेंद्र आर्य, मंगल प्रसाद आदि के साथ अनेको लोग उपस्थित थे ।

## संविधान को सम्मान करें व अपने अधिकार को जानें : शांता जोसेफ

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 27 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

स्थानीय होलीक्रॉस वीमेंस कॉलेज में संविधान सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सिस्टर शांता जोसेफ की अध्यक्षता में दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। सर्वप्रथम दीपिका तिर्की बीकॉम फाइनल एवं मिल्की प्रीतिका तिर्की बीएससी प्रथम नें प्रार्थना नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। राजनीति विज्ञान की सहायक प्राध्यापक रितु दास ने संविधान दिवस के रूप में मनाए जाने संबंधी जरूरी एवं उपयोगी जानकारी दी। भारतीय संविधान के संवैधानिक मूल्यों और मौलिक अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान की भी विस्तृत जानकारी दी। डॉ. कल्पना



गुहा विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र नें संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान निर्माण की महती भूमिका की जानकारी दी। उन्होंने संविधान के महत्व को भी बताया। प्राचार्य डॉ. शांता जोसेफ ने संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं एवं अपने संदेश में कहा कि संविधान हम भारत के लोगों के लिए है। हम संविधान का सम्मान करें एवं अपने अधिकारों को जानें। संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन छात्राओं ने पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से संविधान के महत्व को प्रसारित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन खुशी शर्मा, अरुणा केरकेट्टा, सपना अपूर्वा के अलावा महाविद्यालय के स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

## सायबर ठगों के झांसे से बचने की जरूरत




### कलेक्टर ने किया लोगों को सचेत रहने की अपील

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 27 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सायबर ठगों द्वारा लोगों को अनेक प्रलोभनकारी संदेश देकर झांसे में लेना और उनकी गाढ़ी कमाई पल भर में हड़प लेने की नई-नई चालाकी करते रहते है जिससे लोगों को बचने की जरूरत है। इन दिनों सोशल मीडिया प्लेटफार्म व्हाट्सएप्प में सायबर ठगों द्वारा संदेश भेज रहे है कि आपके मोबाईल नंबर को केबीसी के लकी ड्रा के लिए चयन किया गया है और आपने 25 लाख रुपये जीता है। लॉटरी के ईनाम की राशि लेने के लिए केबीसी के हेड ऑफिस के मोबाईल नंबर 9981178345 पर केवल व्हाट्सएप्प कॉल करने कहा जा रहा है। संदेश में लाटरी का नंबर भी दिया जा रहा है जिसे कॉल कर बताने कहा जा रहा है। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने लोगों को आगाह करते हुए कहा है कि सायबर ठगों के किसी भी बहकावे में न आएं। उनके संदेशों में बिल्कुल भी भरोसा न करे और कोई रिप्लाई न करें। मेसेज आने वाले नंबर के सम्बंध में प्रमुख लोगों को अवगत कराएं।

## जरूरतमंदों को ठंड से राहत देने चौक-चौराहों में की गई अलाव की व्यवस्था






- संवाददाता -
अंबिकापुर, 27 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

पिछ्ले कुछ दिनों से जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड से लोगों को राहत देने के लिए शहर के चौक-चौराहों में नगर निगम द्वारा रात्रि में अलाव की व्यवस्था की गई है।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देश पर नगर निगम अम्बिकापुर एवं नगर पंचायत लखनपुर एवं सीतापुर में भी कई स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। नगर निगम अम्बिकापुर में रैन बसेरा में जरूरतमंदों के लिए रात्रि में ठहरने की व्यवस्था की जा रही है।

ज्ञातव्य है किनगरीय निकाय क्षेत्र में हर साल ठंड के मौसम में लोगों को ठंड से राहत देने के लिये रात्रि में शहर के चौक-चौराहों बस स्टैंड सहित अन्य जरूरत के स्थानों पर अलाव जलाने के साथ ही जरूरतमंदों को गरम कपड़े दिए जाते हैं।



## लीगल अवेयरनेस टीम ने मनाया संविधान दिवस

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 27 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

लीगल अवेयरनेस टीम द्वारा 26 नवंबर को शहर के गांधी चौक पर संविधान दिवस मनाया गया। सेंट जेवियर्स सेल के फादर निर्दोष एक्का ने भारतीय संविधान की विशेषताओं पर अपने अधिकारों और कर्तव्य को संविधान के माध्यम से समझने और चैतन्य रहने की समझाइश दी। उनके अलावा कई श्रोताओं ने भारतीय संविधान को जानना क्यों जरूरी है इस पर रोशनी डाली। इप्टा के अजनी पांडेय ने %हम होंगे कामयाब' गीत से लोगों में ऊर्ज भरने का काम किया। छात्रों तथा अन्य सभी उपस्थित जनों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया। हाथों में तख्तियां लिए हुए सभी रैली की शक्ल में अंबेडकर चौक पहुंचकर अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर लीगल अवेयरनेस टीम के साथ इप्टा प्रलेस, सेंट जेवियर्स कालेज ऑफ एजुकेशन, सेंट जेवियर्स लीगल सर्विस सेल, जनशिक्षण संस्थान अंबिकापुर, जुबिली मेमोरियल, किसान सभा, शहीद भगत सिंह अकादमी, सेंट अन्ना बिरनी बेड़ा स्कूल, अंबिका मिशन तथा कौशल विकास संस्थान इत्यादि शिक्षण तथा अन्य संस्थाओं के सदस्य एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# सर्चिंग अभियान के दौरान काफी मात्रा में आईईडी व अन्य सामान बरामद

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 27 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ व झारखंड सीमा के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी अभियान के तहत 26 नवंबर को बलरामपुर जिले के सामरीपाठ थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुंदाग तिलयाहीटांड़, भटठीमहुआ, गोड़ाटांड, थलिया व थाना भण्डरिया जिला गढ़वा, झारखण्ड के बुढ़ापहाड़, झण्डीमुण्डी पहाड़, बुढ़ागांव, झाउलडेरा, तुमेरा के जंगलों में सर्चिंग के दौरान फोर्स को भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य सामान बरामद किए गए हैं। विस्फोटक सामग्री क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों द्वारा छिपा कर रखी गई थी।

मामले का खुलासा करते हुए बबरामपुर-रामानुजगंज जिले के पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया कि अंजनी कुमार झा पुलिस अधीक्षक जिला गढ़वा, अंजनी अंजन पुलिस अधीक्षक लातेहार, प्रशांत कतलम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) बलरामपुर-रामानुजगंज, सीआरपीएफ एवं कोबरा के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड के सुरक्षा बल द्वारा लगातार संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षाबलों की लगातार सर्चिंग से नक्सलियों के विरूद्ध पिछ्ले कुछ दिनों में सफलताएं भी मिल रही है। इसी कड़ी में 26 नवंबर को जिला बलरामपुर-रामानुजगंज छत्तीसगढ़ के थाना सामरीपाठ अंतर्गत जेटीएफ कैम्प पुंदाग तिलयाहीटांड़, भटठीमहुआ, गोड़ाटांड़, थलिया व झारखंड के गढ़वा जिले के थाना भंडरिया क्षेत्र अंतर्गत बुढ़ापहाड़, झण्डीमुण्डी पहाड़, बुढ़ागांव, झाउलडेरा व तुमेरा के जंगलों में नक्सली




गतिविधियों की सूचना मिली थी। छत्तीसगढ़ की ओर से जिला बल, सीआरपीएफ एवं झारखण्ड की ओर से कोबरा, सीआरपीएफ, एवं झारखण्ड सिविल पुलिस के संयुक्त बल द्वारा अंतर्राज्यीय संयुक्त विशेष नक्सल विरोधी अभियान एरियाडॉमिनेशन सर्च ऑपरेशन हेतु टीमें उपरोक्त क्षेत्र में रवाना हुई थीं। झारखण्ड -छत्तीसगढ़ बार्डर के ग्राम थलिया थाना सामारीपाठ में सर्चिंग के दौरान नक्सलियों द्वारा छिपा कर रखे गए आईईडी व अन्य समान बरामद किए गए हैं।

### आइईडी व अन्य सामग्री बरामद

बिजली तार 800 मीटर, नायलोन रस्सी 150 मीटर, हेम्बर 1 नग, आईईडी केमिकल 3 लीटर, आईईडी 1 नग, क्लेमोर माइन 1 नग, कार्डेक्स वायर 80 मीटर, डेटोनेटर 2 नान इलेक्ट्रिक, डेटोनेटर 1 नग इलेक्ट्रिक, आईईडी मेकिंग पाउडर 1 किग्रा, वायरलेस सेट, बीजीएल 1 नग, तराजू 2 नग, सिरिंज 48 नग, प्लास 3 नग, नायलोन वायर 2 पैकेट, इलेक्ट्रिक सेलो टेप 9 नग, हैण्डवाच 3 नग, बैट्री 5 नग, लोहे के बाट, धर्मस 1 नग, कार्बन पेपर 12 नग व दूसरे स्थान से कन्टेनर 25-40 लीटर का 2 नग, ब्लैक यूनिफार्म 2 नग, ब्लैक कलाथ 1 बन्डल, नक्सल लिटरेचर, नक्सल बैनर 11 नग, नक्सल फ्लैग 17 नग, बैल्ट 2 नग, व्हीसील- 1 नग, लेनयार्ड 1 नग, कंडोम 2 बॉक्स, कमाण्डो रोप 2 नग, पेंट ब्रश 15 नग, स्कुड्रायवर 1 नग, एंक्लेट 4 नग, रेड धागा 3 बन्डल, सर्जिकल ब्लैड 2 नग, इलेक्ट्रिक वायर 200 मीटर बरामद किए गए हैं। जिसे बीडीएस टीम द्वारा आईईडी एवं अन्य विस्फोट पदार्थ को उसी स्थान पर नष्ट कर दिया गया है।

# नई सरकार बनाने के लिए पीएम देउबा और प्रचंड सहमत, परिणामों में सत्तारूढ़ गठबंधन को 85 सीटों के साथ बढ़त

**काठमांडो, 27 नवम्बर 2022।** प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और सीपीएन-माओवादी केंद्र के अध्यक्ष पुष्पकमल दहल प्रचंड नेपाल में नई सरकार बनाने के लिए सहमत हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, शनिवार को हुई बैठक में दोनों नेता देश में नई बहुमत वाली सरकार में अपने सत्तारूढ़ पांच दलों के गठबंधन को जारी रखने पर सहमत हुए। सत्तारूढ़ गठबंधन ने अब तक 85 सीटें हासिल की हैं, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली के नेतृत्व वाले सीपीएन-यूएमएल गठबंधन ने सीधे चुनाव के तहत 55 सीटें जीतीं हैं।

गठबंधन में प्रधानमंत्री देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस, प्रचंड के नेतृत्व वाली सीपीएन-माओवादी, माधव नेपाल की अध्यक्षता वाली सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट, महंत ठाकुर की लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी और चित्रा बहादुर के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनमोर्चा शामिल हैं।

**नेपाली कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी**

प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस अब तक सामने आए नतीजों में 53 सीट पर जीत दर्ज करके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। देश की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा की 165 सीट का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान से जबकि शेष 110 सीट का चुनाव आनुपातिक चुनाव प्रणाली के जरिए होता है। प्रतिनिधि सभा और सात प्रांतीय विधानसभाओं के चुनाव 20 नवंबर को हुए थे। मतों की गिनती सोमवार को शुरू हुई थी।



नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) ने 42 सीट पर जीत दर्ज की है। इसके अलावा सीपीएन-माओवादी सेंटर 17 सीट जीतकर तीसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट ने 10 सीट जीती हैं। नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने सात-सात सीटों पर कब्जा जमाया है। निर्दलीय उम्मीदवारों एवं अन्य छोटे दलों के खाते में 21 सीट गई हैं। 165 सीट में से 21 के नतीजे आने बाकी हैं। पांच दलों के सत्तारूढ़ गठबंधन ने 85 सीटों पर जीत हासिल की हैं, जबकि सीपीएन-यूएमएल के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 55 सीट पर कब्जा जमाया है।

**मतगणना में पिछड़े तो ओली का 'कम्युनिस्ट एकता' दांव**

नेपाल के आम चुनाव में सत्ताधारी नेपाली कांग्रेस के गठबंधन की लगातार बढ़त को देखते हुए पूर्व प्रधानमंत्री और चीन के करीबी केपी शर्मा ओली ने एक बार फिर से 'कम्युनिस्ट एकता' का दांव चला है। उन्होंने फोन करके कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी सेंटर) के प्रमुख पुष्प कमल दहल को उनकी जीत पर बधाई दी और साथ मिलकर सरकार बनाने का प्रस्ताव दे दिया।

हालांकि दहल ने ओली के प्रस्ताव पर कोई जवाब नहीं दिया है लेकिन राजनीतिक पर्यवेक्षक ओली के इस दांव को गंभीर मान रहे हैं, क्योंकि सत्ताधारी गठबंधन में दहल की पार्टी दूसरे नंबर पर है। नेपाल की राजनीति के कद्दावर नेता उपेंद्र कुमार ने कहा है कि अभी से कुछ कहना मुश्किल है क्योंकि सत्ताधारी गठबंधन जरूरी बहुमत के आंकड़े के काफी करीब पहुंचता जा रहा है। लेकिन कम्युनिस्ट एकता का दांव आखिरी मौके पर तभी काम आएगा जब ओली के पास पर्याप्त सीटें हों।

**सत्ताधारी गठबंधन टूटना मुश्किल-** डेढ़ साल पहले तक दहल और ओली एक ही पार्टी का हिस्सा थे। लेकिन पार्टी बंटी व प्रचंड ने नेकां से हाथ मिला लिया। उसी समय माधव कुमार नेपाल ने भी ओली से अलग होकर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल के नाम से अपनी अलग पार्टी बना ली। यह पार्टी भी सत्ताधारी गठबंधन में शामिल है। पर्यवेक्षकों के मुताबिक, अगर ये दोनों पार्टियां यूएमएल से मिल जाएं, तो 'कम्युनिस्ट सरकार' बनने की संभावना मजबूत हो जाएगी। वैसे इन अटकलों पर माओवादी सेंटर के पोलित ब्यूरो के सदस्य सुनील मानधर सत्ताधारी गठबंधन टूटने से इनकार किया है।

# शिनजियांग-बीजिंग होते हुए शंघाई तक पहुंचा सरकार विरोधी प्रदर्शन



## कोरोना लॉकडाउन से देशभर में बिफरे लोग

**बीजिंग, 27 नवम्बर 2022।** चीन में कोरोना खतरनाक होता जा रहा है। यहां आए दिन नए संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में सरकार ने एक बार फिर से जीरो कोविड पॉलिसी लागू कर दी है और कई शहरों के लाखों लोगों को उनके घरों में कैद कर दिया गया है। इस बीच सरकार की सख्त नीति से परेशान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है।

जानकारी के मुताबिक, चीन के शंघाई में शनिवार को कई प्रदर्शनकारी सड़क पर उतर आए और जीरो कोविड पॉलिसी वापस लेने की मांग की। दरअसल, इस प्रदर्शन की शुरुआत चीन के उरुमकी शहर में एक इमारत में आग लगने के बाद हुई, जिसमें 10 लोगों की जलकर मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि यहां जीरो कोविड पॉलिसी लागू होने के कारण राहत कार्य में देरी हुई, जिससे इतना बड़ा हादसा हो गया।

**प्रदर्शन के कई वीडियो आए सामने**

चीन में सरकार की सख्त नीति का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों के कई वीडियो भी सामने आए हैं। एक वीडियो के मुताबिक उरुमकी शहर की सड़कों पर कई लोग दिखाई दे रहे हैं और ये लोग चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी का विरोध कर रहे हैं। इसके अलावा लोग कह रहे हैं कि उन्हें पीसीआर टेस्ट नहीं चाहिए, उन्हें आजादी चाहिए। वे झिनजियांग शहर में लॉकडाउन वापस लेने की मांग कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में बीजिंग के शिंघुआ यूनिवर्सिटी परिसर में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी विरोध करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनके हाथ सफेद कागज थे। लोग कम्युनिस्ट पार्टी के विरोध में नारे लगा रहे थे। प्रदर्शनकारी %शी जिनपिंग गद्दी छोड़ो, कम्युनिस्ट पार्टी पद छोड़ो% जैसे नारे लगा रहे थे।

**2019 के बाद सबसे अधिक मामले**

24 नवंबर को चीन में 31,444 नए मामले दर्ज किए गए थे। वहीं दूसरे दिन 32,943 तो तीसरे दिन यानी शुक्रवार को 35,909 मामले सामने आए। चीन के वुहान शहर में 2019 में सामने आए संक्रमण के पहले मामले के बाद देश में सामने आए ये सबसे अधिक दैनिक मामले हैं। देश में संक्रमण के दैनिक मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

**कई इलाकों में आवाजाही पर लगी रोक**

अमेरिका और अन्य देशों की तुलना में चीन में संक्रमण से मौत के कम मामले सामने आए हैं, लेकिन फिर भी देश की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने वायरस को लेकर कोई भी कोताही न बरतने की नीति अपना रखी है, जिसके तहत मामलों की संख्या देखते हुए इलाकों में लोगों की आवाजाही पर रोक लगाई जाती है।

**चीन के चाओयांग में 35 लाख लोग घर में कैद**

स्वास्थ्य अधिकारियों की अपील के बाद 35 लाख लोग घर में कैद हो गए हैं। लोगों को घर पर ही सारी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। कई जगह कैंप लगाकर जांच बढ़ा दी गई है। बीजिंग में इस सप्ताह एक प्रदर्शनी केंद्र में अस्थायी अस्पताल बनाया गया और बीजिंग इंटरनेशनल स्टडीज यूनिवर्सिटी में भी आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया।

# कनाडा में भारतीय छात्र की मौत, साइकिल से सड़क पार करते वक्त हुआ हादसा



**टोरंटो , 27 नवम्बर 2022।** कनाडा में एक भारतीय छात्र की मौत की खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 20 वर्षीय छात्र साइकिल से सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। इस हादसे में भारतीय छात्र ने दम तोड़ दिया। पुलिस का कहना है कि ट्रक की टक्कर के बाद छात्र कई मीटर तक घिसटता चला गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने अभी तक मृतक की पहचान नहीं की है।

हालांकि, शुक्रवार को प्रकाशित कुछ स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि मृतक की पहचान कार्तिक सैनी के रूप में हुई है। उसकी चचेरी बहन परवीन सैनी ने बताया कि कार्तिक सैनी अगस्त, 2021 में भारत से कनाडा आया था। वह हरियाणा के करनाल का रहने वाला है। परवीन सैनी का कहना है कि हम उम्मीद कर रहे हैं कि कार्तिक का शव जल्द ही भारत में उनके परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कनाडा के शेरिडन कॉलेज ने पुष्टि की है कि कार्तिक उनके यहां का छात्र था। कॉलेज की ओर से एक ईमेल में कहा गया है कि कार्तिक के आकस्मिक निधन से हमें बहुत दुख हुआ है। हम उनके परिवार, दोस्तों, साथियों और प्रोफेसरों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

# प्रांतों की सत्ता क्यों छोड़ना चाहते हैं इमरान खान, क्या पाकिस्तान में फिर कुछ बड़ा होने वाला है?



**नई दिल्ली , 27 नवम्बर 2022।** पाकिस्तान में सियासी संकट कम होते नहीं दिख रहा है। आजादी मार्च के बाद अब पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के चेयरमैन इमरान खान ने नया एलान किया है। उन्होंने कहा है कि अब उनकी पार्टी के सभी सदस्य प्रांत की असेंबली से भी इस्तीफा दे देंगे। मतलब इमरान की पार्टी अब राज्यों की सत्ता भी छोड़ देगी। अभी खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांत में इमरान खान के पार्टी की सरकार है।

अचानक इमरान के इस फैसले ने सभी को चाचैंका दिया है। सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर इमरान ने ऐसा एलान क्यों किया? वह भी तब जब हाल ही में हुए उपचुनाव में उनकी पार्टी को बड़ी जीत मिली थी। क्या फिर से पाकिस्तान में कुछ बड़ा होने वाला है? आइए समझते हैं...

**पहले जानिए इमरान खान ने क्या बोला?**

शनिवार को इमरान खान ने एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, %मौजूदा समय में पूरी व्यवस्था भ्रष्ट हो चुकी है। हम इस प्रणाली का हिस्सा नहीं होंगे। हमने सभी विधानसभाओं को छोड़ने और इस भ्रष्ट व्यवस्था से बाहर निकलने का फैसला किया है। इस संबंध में मैं जल्द ही संसदीय समूहों के साथ बैठक करूंगा और अपने मुख्यमंत्रियों से परामर्श करूंगा।% इमरान ने आगे कहा कि दोनों प्रांतों के मुख्यमंत्रियों के साथ विचार-विमर्श के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा, जबकि इस संबंध में अंतिम निर्णय पीटीआई के संसदीय दल की बैठक के बाद किया जाएगा।

उन्होंने अपने भाषण में कहा, %हम अपने ही देश में तोड़-फोड़ करें और तबाही मचाएं, उससे बेहतर है कि हम इस भ्रष्ट व्यवस्था से बाहर निकलें और इस सिस्टम का हिस्सा ना बनें, जिधर यह चोर बैठकर हर दिन अपने अरबों रुपए के केस माफ करवा रहे हैं। अब हम इस्लामाबाद का रुख नहीं करेंगे क्योंकि जब लाखों लोग इस्लामाबाद जाएंगे तो कोई नहीं रोक सकता लेकिन मुझे पता है कि इससे तबाही मचेगी।%

**आखिर कौन सी चाल चल रहे हैं इमरान खान?**

हमने इसे समझने के लिए पाकिस्तान के वरिष्ठ पत्रकार नदीम अली से बात की। उन्होंने कहा, %सत्ता से बेदखली और कोर्ट के फैसले के बाद से इमरान खान परेशान हैं। उनके सामने कोई नया रास्ता नहीं दिख रहा है। यही कारण है कि उन्होंने अपना आखिरी दांव भी चल दिया है। इसके जरिए वह खैबर पख्तूनख्वाह और पंजाब में राजनीतिक अस्थिरता लाने की कोशिश कर रहे हैं। वह सोचते हैं कि इससे सरकार पर दबाव बनेगा।%

नदीम के अनुसार, धरना-प्रदर्शन और आजादी मार्च को जारी रखने के लिए इमरान को काफी पैसों की जरूरत पड़ेगी। सत्ता से बेदखली के बाद से उनकी पार्टी पर लगातार शिकंजा कस रहा है। इसके अलावा कई बड़ी रैलियों को भी वह आयोजित करवा चुके हैं। ऐसे में अब उनकी पार्टी आर्थिक तंगी का सामना भी करने लगी है। यही कारण है कि अब इमरान नए तरीके से राजनीतिक दांव चल रहे हैं। वह प्रांतों की सत्ता से बाहर होकर मीडिया और आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बन जाएंगे।

वहीं, रावलपिंडी के एक प्रतिष्ठित अखबार के पत्रकार फरजाना शेख कहते हैं कि भले ही लोगों में इमरान खान के प्रति एक तरह की संवेदना है, लेकिन इसके बावजूद वह एक के बाद एक लगातार कई गलतियां कर रहे हैं। हाथ से सत्ता जाने के बाद से कई बार इमरान की पार्टी के आयोजनों के चलते बवाल हो चुका है। तोड़फोड़, आगजनी जैसी घटनाएं सामने आ चुकी है। अगर ज्यादा दिन तक वह ऐसा करते तो आम लोगों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ा। इसके चलते उनके खिलाफ भी लोग खड़े होने लगते या यूं कहें कि जो अभी उनके साथ थे वही उनके खिलाफ खड़े हो जाते। यही कारण है कि अब वह नए तरह से सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश में जुटे हैं।

वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक महमूद अली कहते हैं कि इमरान खान की तरफ से उठाया गया यह पहला गंभीर कदम है। इस फैसले से इमरान यह बताना चाह रहे हैं कि उन्होंने सिस्टम के साथ समझौता करने से इनकार कर दिया है।

**दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री क्या करेंगे?**

फरजाना शेख आगे कहते हैं कि जरूरी नहीं कि इमरान खान के कहने पर दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री पद छोड़ दें। दोनों असेंबली के सदस्य भी पद छोड़ें ऐसा मुश्किल ही लगता है। इसलिए इमरान खान का ये दांव उल्टा भी पड़ सकता है। खैबर पख्तूनख्वाह में पिछले नौ साल से पीटीआई की सरकार है और महमूद खान 2018 में मुख्यमंत्री बने थे। खैबर पख्तूनख्वाह में बहुत सारे ऐसे विधायक हैं जो विधानसभा में बने रहना चाहते हैं। इसी तरह पंजाब में इमरान खान की पीटीआई गठबंधन के साथ सरकार में है। ऐसे में गठबंधन की अन्य पार्टियां इमरान की बात माने, ऐसी संभावना कम ही है।

# आठ पत्नी रखने वाले शख्स को एक और हमसफर की तलाश

## अब तक चार को दे चुका है तलाक



**ब्रासीलिया, 27 नवम्बर 2022।** एक साथ नौ लड़कियों से शादी करने वाले ब्राजील के मॉडल और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर आर्थर ओ उर्सो एक बार फिर से चर्चा में हैं। दरअसल, उर्सो को एक और जीवनसाथी की तलाश है क्योंकि शादी के बाद उन्होंने चार पत्नियों को तलाक दे दिया है। उर्सो ने बताया कि वह तलाक दिए चार पत्नियों की कमी को पूरा करना चाहते हैं। हालांकि, देखा जाए तो ये शादियां सरकारी तौर पर वैध नहीं हैं। बता दें, ब्राजील में एक से ज्यादा लड़की से शादी करना नियम के खिलाफ यानी अवैध है। लेकिन आर्थर और इसकी सारी पत्नियां अपने इस रिश्ते से काफी ज्यादा एक्साइटेड और खुश हैं।

उर्सो ने सभी पत्नियों के साथ बराबर समय बिताने के रोस्टर बनाया आपको जानकर हैरानी होगी कि आर्थर उर्सो ने अपनी सभी पत्नियों के साथ बराबर समय बिताने के लिए एक रोस्टर तैयार किया है, जिसके हिसाब से ही वह अपनी पत्नियों के साथ प्यार करते हैं। ताकि किसी को बुरा महसूस न हो। तलाक के बारें में पता चला है कि कोई पत्नी अपने पति को किसी और के साथ शेयर नहीं करना चाहती थी। इसलिए चार पत्नियों ने अपना रास्ता अलग कर लिया। आर्थर उर्सो ने सभी पत्नियों को शानो-शौकत के साथ रखने के लिए 700 स्क्वायर फीट का एक आलीशान महल भी बनवाया है। उन्होंने इसका नाम 'Mansion of Free Love' रखा है।

**आसपास के लोगों को हो रही थी परेशानी-** वहीं बात की जाए दूसरे लोगों की तो आर्थर उर्सो की ऐसी लाइफ स्टाइल से काफी लोग खुश नहीं हैं। ऐसे में उनको कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसका अंदाजा आप इस बात ये ही लगा सकते हैं कि हाल ही में आर्थर के घर की एक दीवार पर किसी ने %राक्षस परिवार, चले जाओ, हम तुम्हारा स्वागत नहीं करेंगे% लिख दिया। वहीं आर्थर ने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि %व दिन काफी बुरा था, जब उनके घर की दीवार पर किसी ने ऐसा लिख दिया था। हमें केवल शांति चाहिए।% आर्थर उर्सो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं और आए दिन अपनी पत्नियों के साथ तस्वीरें शेयर करते रहते हैं।

# पीओके की नीलम घाटी में नाले में गिरी जीप,छह महिलाओं की मौत,आठ घायल

**इस्लामाबाद , 27 नवम्बर 2022।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (क्ष्य) की नीलम घाटी में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां एक जीप नाले में गिर गई। इस दौरान छह महिलाओं की मौत हो गई। हादसे में आठ अन्य लोग घायल हो गए। समाचार एजेंसी पीटीआई ने पाकिस्तानी मीडिया के हवाले से बताया कि घटना दुधनियाल के छरी इलाके में हुई। जीप दोपहर करीब तीन बजे 300 फुट गहरे सूखे नाले में गिर गई।




जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी अख्तर अय्यूब के हवाले से बताया कि हादसे में छह महिलाओं की मौत हो गई और आठ अन्य लोग घायल हो गए। यात्री नीलम नदी के किनारे स्थित ठंडा पानी गांव के रहने वाले थे। जीप में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। घायलों को दुधनियाल में बुनियादी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से पांच लोगों को आगे के इलाज के लिए मुजफ्फराबाद स्थानांतरित कर दिया गया है।

# रूसी हमलों के बीच बिजली संकट ने बढ़ाई यूक्रेन की चिंता,भारी बर्फबारी में केवल चार घंटे मिलेगी सप्लाई

**कीव , 27 नवम्बर 2022।** यूक्रेन की राजधानी कीव में रूसी हमलों के बीच सर्दियों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। दरअसल, भारी बर्फबारी के बीच यहां भारी बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। देशभर में ब्लैकआउट की स्थिति हो गई है। बिजली उत्पादक खपत की जरूरतों के केवल तीन-चौथाई को कवर करने में सक्षम हैं। रिपोर्ट के अनुसार लोगों को केवल चार से पांच घंटे ही बिजली सप्लाई मिल रही है। हालांकि सर्दियों में बिजली की मांग गर्मी की तुलना में अधिक होती है। लोग अधिक संख्या में लाइट जलाते हैं और हीटर का उपयोग करते हैं।

**फिलहाल चार घंटे ही बिजली मिलेगी- मुख्य परिचालन अधिकारी-** कीव को बिजली सप्लाई करने वाली कंपनी यास्नो के मुख्य परिचालन अधिकारी सर्गेई कोवलेंको ने कहा कि शहर की स्थिति में सुधार हुआ है लेकिन अभी भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि निवासियों को प्रति दिन कम से कम चार घंटे बिजली ही मिलेगी। कोवलेंको ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा अगर आपके पास पिछले दिन कम से कम चार घंटे बिजली नहीं है, तो डीटीईके कीव इलेक्ट्रिक नेटवर्क्स को लिखें, सहकर्मी आपको यह पता लगाने में मदद करेंगे कि समस्या क्या है?

**रूसी हमलों के बाद 70 फीसदी क्षेत्र में बिजली गुल हो गई थी-** रूसी सैन्य बलों द्वारा यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचों पर नए सिरे से मिसाइल हमलों के बाद कीव के 70त्न हिस्से में बृहस्पतिवार सुबह बिजली गुल हो गई। बुधवार देर रात किए रूसी हमलों के कारण कीव समेत पूरे यूक्रेन के अधिकतर हिस्सों में बिजली चली गई है। पहले से संकटग्रस्त यूक्रेनी विद्युत नेटवर्क की इन हमलों ने सर्दियां शुरू होने के बीच हालत और खराब हो गई है। इन हमलों के कारण पड़ोसी मालदोवा में भी बिजली का संकट पैदा हो गया है।

**रूस ने खेरसॉन ओब्लास्ट पर 54 बार गोलाबारी की, एक की मौत-** रूसी सेना ने पिछले दिनों 54 बार इस क्षेत्र में गोलाबारी की। इस दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। हमले में एक बच्चे सहित दो लोग घायल भी हुए हैं। खेरसॉन ओब्लास्ट के गवर्नर यारोस्लाव यानुशेविच ने यह दावा किया। यानुशेविच ने कहा कि रूस ने नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया।












# जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में प्रतिभागी दिखा रहे अपना हुनर,भंवरा,कंचा और पिट्ठुल में आजमाया हाथ

- संवाददाता -
सूरजपुर , 27 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।







छत्तीसगढ़ में स्थानीय और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने और छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर पूरे प्रदेश के साथ सूरजपुर जिले में भी छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन कराया जा रहा है, जिसमें बच्चे - बूढ़े सभी प्रतिभागी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। सूरजपुर जिला मुख्यालय में चल रहे छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में जिले के सभी विकासखण्डों एवं नगरीय निकाय से सभी आयुवर्ग के प्रतिभागी शामिल होकर अपना पूरा दमखम दिखा रहे हैं। अब तक का परिणाम इस प्रकार हैं - प्रथम दिवस 25 नवम्बर को गिल्ली डंडा पुरूष 0 -18 वर्ष में विजेता भैयाथान,महिला 0-18 वर्ष विजेता प्रतापपुर,पुरूष 40 वर्ष से ऊपर विजेता सूरजपुर,महिला 40 वर्ष से ऊपर,पिटठूल पुरूष 0- 18 वर्ष विजेता सूरजपुर,महिला 0-18 वर्ष विजेता प्रेमनगर नगरी निकाय,पुरुष 40 वर्ष से ऊपर विजेता प्रतापपुर वाक ओभर, महिला 40 वर्ष से ऊपर संखली पुरूष 0-18 वर्ष विजेता सूरजपुर,महिला विजेता भैयाथान,महिला 40 वर्ष से ऊपर विजेता रामानुजनगर,लंगडी दौड़ पुरुष 0-18 वर्ष विजेता भैयाथान,महिला 0-18 वर्ष लंगडी दौड़ विजेता सूरजपुर,पुरुष 40 वर्ष से ऊपर लंगडी दौड़ विजेता प्रेमनगर,महिला लंगडी दौड़ 40 वर्ष से ऊपर विजेता रामानुजनगर,कबड्डी 0-18 वर्ष विजेता रामानुजनगर,कबड्डी महिला 0-18 वर्ष ,विजेता सूरजपुर,पुरुष 40 वर्ष से ऊपर कबड्डी विजेता प्रतापपुर वॉक ओवर,महिला 40 वर्ष से ऊपर कबड्डी विजेता रामानुजनगर,खो - खो 0 - 18 वर्ष विजेता प्रेमनगर,महिला 0-18 वर्ष खो-खो विजेता प्रतापपुर,खो-खो पुरुष 40 वर्ष से ऊपर विजेता रामानुजनगर,रस्साकशी पुरुष 0- 18 वर्ष विजेता भैयाथान,रस्साकशी महिला 0-18 वर्ष विजेता भैयाथान,रस्साकशी पुरुष 40 वर्ष से ऊपर विजेता प्रेमनगर वॉक ओवर,महिला 40 वर्ष से ऊपर विजेता प्रेमनगर,बाटी कंचा पुरुष 0-18 वर्ष विजेता ओड़गी,बाटी कंचा महिला 0- 18 वर्ष विजेता नगरी निकाय सूरजपुर,बिल्लस 0- 18 वर्ष विजेता सूरजपुर,महिला 0-18 वर्ष विजेता सूरजपुर,बिल्लस 40 वर्ष से ऊपर विजेता सूरजपुर,गेड़ी दौड़ पुरुष 0-18 वर्ष विजेता सूरजपुर,महिला 0-18 वर्ष,विजेता प्रतापपुर,पुरुष 40 वर्ष से ऊपर विजेता प्रतापपुर और महिला 40 वर्ष से ऊपर विजेता प्रतापपुर,100 मीटर दौड़ पुरुष 0-18 वर्ष प्रथम कैलाश सिंह रामानुजनगर, 100 मीटर दौड़ महिला 0-18 प्रथम भैयाथान,100 मीटर दौड़ पुरुष 40 वर्ष से ऊपर प्रथम सूरजपुर,100 मीटर दौड़ महिला 40 वर्ष से ऊपर प्रथम सूरजपुर,फुगड़ी 0-18 वर्ष पुरुष विजेता भैयाथान,महिला 0-18 वर्ष प्रथम प्रेमनगर, महिला 40 वर्ष से ऊपर,विजेता रामानुजनगर,भंवरा 0-18 वर्ष,विजेता भैयाथान,भंवरा महिला 0-18 वर्ष प्रथम सूरजपुर नगरी ,पुरुष 40 वर्ष से ऊपर भंवरा,प्रतापपुर विजेता,लंबी कूद पुरुष 0-18 वर्ष प्रथम सूरजपुर,0-18 वर्ष प्रथम भैयाथान,लंबी कूद पुरुष 40 वर्ष से ऊपर प्रथम प्रेमनगर,महिला 40 वर्ष से ऊपर लंबी कूद प्रथम रामानुजनगर और द्वितीय दिवस 26 नवम्बर को बिल्लस पुरुष 18-40 वर्ष में प्रथम प्रतापपुर,महिला 18 से 40 वर्ष प्रथम भैयाथान,गेड़ी दौड़ पुरुष 18 - 40 वर्ष प्रथम मोहरसाय मरावी प्रतापपुर,गेड़ी दौड़ महिला 18 - 40 वर्ष प्रथम रोशनी भैयाथान,100 मीटर दौड़ पुरुष 18 - 40 वर्ष प्रथम राकेश कुमार प्रतापपुर ,100 मीटर दौड़ महिला 18 - 40 वर्ष प्रथम अंजू सिंह सूरजपुर नगरी निकाय, तृतीय सुप्रिया पैकरा प्रतापपुर,फुगड़ी पुरुष 18 से 40 वर्ष प्रथम अजय भैयाथान,महिला 18 - 40 वर्ष फुगड़ी प्रथम गौरी सिंह प्रेमनगर,भंवरा पुरुष 18 - 40 वर्ष प्रथम कृष्णा भैयाथान,भंवरा महिला 18 - 40 वर्ष प्रथम संगीता गोयल सूरजपुर,लंबी कूद पुरुष 18 - 40 वर्ष प्रथम रतन सिंह प्रेमनगर,लंबी कूद महिला 18 - 40 वर्ष प्रथम प्रीति प्रेमनगर,गिल्ली डंडा पुरुष 18 से 40 वर्ष विजेता प्रेमनगर ,गिल्ली डंडा महिला 18 - 40 वर्ष विजेता प्रतापपुर,पिट्ठुल पुरुष 18 - 40 वर्ष विजेता भैयाथान,महिला 18-40 वर्ष विजेता भैयाथान,विजेता प्रेमनगर,शंखली पुरुष 18-40 वर्ष विजेता सूरजपुर,शंखली महिला 18-40 वर्ष विजेता भैयाथान,लंगड़ी दौड़ पुरुष 18-40 वर्ष विजेता प्रतापपुर,महिला 18-40 वर्ष विजेता प्रेमनगर,कबड्डी 18-40 वर्ष विजेता रामानुजनगर, महिला 18-40 वर्ष विजेता नगरीय निकाय सूरजपुर,खो-खो पुरुष 18 - 40 वर्ष विजेता सूरजपुर,खो-खो महिला 18 -40 वर्ष विजेता सूरजपुर,रस्साकशी 18 - 40 वर्ष,विजेता प्रतापपुर,रस्साकशी 18-40 विजेता सूरजपुर,बाटी कंचा पुरुष 18 से 40 वर्ष विजेता ओड़गी, महिला 18 - 40 वर्ष विजेता प्रतापपुर,एकांकी नाटक 15 - 40 वर्ष प्रथम सूरजपुर रहे हैं। 27 नवम्बर से युवा महोत्सव की सभी विधाओं की प्रतियोगिता जारी है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण - पत्र और मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। सभी विजेता प्रतिभागी संभाग स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होगें। इस अवसर पर सुश्री लीना कोसम सीईओ जिला पंचायत सूरजपुर,डॉ.आकांक्षा त्रिपाठी सीईओ जनपद पंचायत सूरजपुर,श्रीमती आरती पाण्डेय खेल अधिकारी, शबाब हुसैन प्रभारी खेल अधिकारी, शरदेन्दु कुमार शुक्ल,सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी, सभी विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने रखा ऐसा सिपहसालार जिसने लोगों को जोड़ने की बजाए लोगों से दूरियां बढ़ाने का किया काम

» विधायक से वरिष्ठ नेताओं की दूरी बढ़ी, कार्यकर्ताओं से भी संवाद हुआ कम, आम लोगों तक विधायक पहुँच ही ना सकीं

» जबकि सिपहसालार का काम था लोग जुड़ें विधायक से संवाद हो और आमजनों से भी विधायक की मुलाकात हो

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 27 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)



किसी जनप्रतिनिधी का सलाहकार या खास सिपहसालार ऐसा होना चाहिए जो उसके और उसके क्षेत्र की जनता साथ ही उसके दल के वरिष्ठ सदस्यों व कार्यकर्ताओं के बीच एक कड़ी का काम करे जो लोगों को जनप्रतिनिधी से जोड़ने का काम करे और जनप्रतिनिधी के लिए उसका राजनीतिक सहयोगी बने व जनप्रतिनिधी का भी आने वाला भविष्य राजनीतिक सुरक्षित करे। सिपहसालार यदि जनप्रतिनिधी व अन्य के बीच दूरी बढ़ाने का काम करता है तो वह जनप्रतिनिधी के लिए कहीं अच्छा सिपहसालार नहीं हो सकता और वह कहीं न कहीं जनप्रतिनिधी के भविष्य के लिए अंधकार उत्तपन्न करने वाला होगा और भविष्य में जनप्रतिनिधी अकेला होता चला जायेगा, ऐसा ही कुछ विगत चार वर्षों से बैकुंठपुर विधानसभा में हो रहा है जहां बैकुंठपुर विधायक के खास सिपहसालार जिन्हें विधायक और लोगों के बीच वरिष्ठ नेताओं के बीच कार्यकर्ताओं के बीच सामंजस्य स्थापित करने के लिए जिम्मेदारी मिली है वह जिम्मेदारी के विपरीत नजर आ रहें हैं और विधायक को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं एवम जनता से दूर करते चले जा रहें हैं जिसका खामियाजा विधायक को आगामी विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ सकता है और उन्हें नुकसान हो सकता है।

बैकुंठपुर विधायक के खास सिपहसालार जो पहले पत्रकार रह चुके हैं और जिलेभर के पत्रकारों के साथी भी रह चुके हैं साथ ही पत्रकारिता करते हुए जिले की जनता जिले के ही पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं से जो परिचित भी हैं विधायक के लिए इन्हीं के बीच सामंजस्य बैठा पाने में पूरे चार वर्षों तक असमर्थ नजर आए और विधायक से सभी की दूरी बढ़ती चली गई। पार्टी के वरिष्ठ लोगों कार्यकर्ताओं सहित आम लोगों की ही माने तो विधायक के खास सिपहसालार की वजह से ही विधायक की दूरी लगातार उनसे बढ़ी है जो विधायक के साथ होते तो उन्हें आगामी चुनाव में मजबूती प्रदान करते। विधायक के सिपहसालार के बारे में बताया जाता है कि वह विधायक व मुलाकातियों के बीच एक रोड़ा बनकर अपनी भूमिका निभाते हैं और जब कभी भी आवश्यक होने पर मुलाकात की कोशिश की जाती है वह विधायक को दिग्भ्रमित करने की पूरी कोशिश करते हैं।

बैकुंठपुर विधानसभा में वर्तमान विधायक से पार्टी के ही वरिष्ठ सदस्यों कार्यकर्ताओं सहित आम लोगों की दूरी लगातार बढ़ी है और यह दूरी कम हो सकती थी और यह तब संभव था जब विधायक के सिपहसालार अपनी जिम्मेदारी दो तरफा निभाते और मुलाकातियों सहित विधायक के बीच एक ऐसी सीढ़ी बनने का प्रयास करते जो दोनों के लिए सुविधाजनक होती और दोनों को सहूलियत देने वाली होती लेकिन सिपहसालार ने ऐसा बिल्कुल नहीं किया और विधायक को आज विकट स्थिति में ला खड़ा किया। बैकुंठपुर विधानसभा आज वर्तमान विधायक व उनके सिपहसालार के बीच एक ऐसी स्थिति में है जहां फरियादी,पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं की सुनवाई तभी होती है जब सिपहसालार की मर्जी होती है वहीं सिपहसालार की हर वक्त मौजूदगी भी लोगों को दिक्कत में डालने वाली होती है जिससे विधायक से लोग अपने मन की बात नहीं कर पाते।

## क्या पार्टी को प्रायवेट लिमिटेड कंपनी की तरह चला रहे भाजपा जिलाध्यक्ष ?

» भाजपा कार्यालय में बनी गैलरी को मनमर्जी से बना लिया दुकान, पुत्र के लिए चाय दुकान खोलने की तैयारी।

» कोर कमेटी को भी बताना उचित नही समझा गया, क्या दुबारा मिला मौका तो हो गए तानाशाह ?

- रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 27 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)



छत्तीसगढ में मिशन 2023 फतह करने में लगी भारतीय जनता पार्टी का प्रदेष नेतृत्व भले ही युद्व स्तर पर तैयारी कर रहा है लेकिन उससे अलग कोरिया जिले में भाजपा संगठन एकदम सुस्त और कागजी खानापूर्ति में मस्त है। प्रदेष नेतृत्व द्वारा सौपे गए कार्यो को जिला भाजपा संगठन कागज में जरूर पूरा कर लेता है लेकिन उसकी जमीन हकीकत कोसो दूर है। प्रदेष नेतृत्व को बरगलाने और झूठी वाहवाही लूटने में भी भाजपा संगठन को महारथ हासिल है। यह अलग बात है कि पार्टी ने वर्तमान जिलाध्यक्ष को फिर से रिपीट कर दिया है लेकिन उनके भरोसे आखिर कैसे 2023 का मिषन कामयाब होगा यह सोचनीय विषय है। क्योंकि पार्टी की वर्तमान स्थिति देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिलाध्यक्ष पार्टी को एक प्रायवेट लिमिटेड कंपनी की तरह चला रहे हैं, एकला चलो की नीति के कारण अन्य पदाधिकारियों को उनके द्वारा अक्सर नीचा दिखलाया जाता है जिससे कि पदाधिकारियों में भी उनके खिलाफ अंदरूनी असंतोष व्याप्त है लेकिन पार्टी पदाधिकारी संगठन से बंधे होने के कारण कुछ भी बोलना उचित नही समझते। अब एक ताजा मामला भाजपा जिला कार्यालय में बन रहे दुकान का सामने आया है जिसमें अपनी मनमर्जी से जिलाध्यक्ष द्वारा गैलरी के रास्ते को अतिक्रमण करते हुए दुकान का निर्माण कराया जा रहा है, उस दुकान में चाय की दुकान खोली जाएगी और दुकान का संचालन या कि जिलाध्यक्ष के पुत्र द्वारा किया जाएगा,कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि पुत्र के भविष्य को देखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा दुकान बनवाकर उसे कब्जा किया जा रहा है।

इस बारे में अनेक भाजपा नेताओं से हुई चर्चा के अनुसार बताया गया कि पूर्व में भाजपा कार्यालय निर्माण के वक्त पांच दुकानें भी बनाई गई थी, जिसे लेने वाले दुकानदारों ने 5-7 लाख देकर क्रय किया था, उस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रहे नेता ने न तो खुद के लिए दुकान लिया था और न ही इस प्रकार की चलाकी दिखलाई थी लेकिन अब अपने पद का दुरूपयोग करते हुए वर्तमान जिलाध्यक्ष द्वारा मनमर्जी से गैलरी के जगह को खत्म करते हुए अपने पुत्र के लिए दुकान बनवाया जा रहा है जो कि कहीं से उचित नही है। इसका आषय यह हुआ कि जो भी जिलाध्यक्ष रहेगा वह स्वार्थ वष कुछ भी करता रहेगा और अन्य पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता हाथ पर हाथ धरे बैठे रहेंगे। यहां यह सवाल उठता है कि जो पार्टी लगातार एकता,संगठन और नियम कायदों की बात करती है उसके एक जिलाध्यक्ष ही इस प्रकार का काम कर रहे हैं जो कि समझ से परे है।

### ऊपर हुई शिकायत तो बनाया बहाना

भाजपा कार्यालय की गैलरी को अधिग्रहित करते हुए पुत्र के लिए बनवाये जा रहे दुकान के बारे मे सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार इससे नाखुष एक वरिष्ठ नेता ने पिछले दिनों पार्टी कार्यालय में एक जिम्मेदार पद पर बैठे पदाधिकारी से इसकी मौखिक षिकायत भी की थी, जिसके बाद जिलाध्यक्ष के पास काल भी आया लेकिन उनके द्वारा उल जलूल दुहाई देकर मामले को रफा कर दिया गया। और पार्टी के नेता को भी अपने विष्वास में ले लिया गया। अब सवाल यह उठता है कि पार्टी कार्यालय में दुकान बनाकर कब्जा कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष क्या अपनी मनमर्जी से पार्टी का संचालन कर रहे हैं उन पर किसी का नियंत्रण नही है। वही सर्वेसर्वा हैं और उनकी जो मर्जी आएगी वही करेंगे। बतलाया यह जा रहा है कि जिला विभाजन के बाद अब कोरिया जिले में भाजपा के पास वैसे भी कोई वरिष्ठ नेता नही है, और वर्तमान जिलाध्यक्ष ने पूर्व मंत्री को अपने विष्वास में ले लिया है, पूर्व मंत्री भी आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट की चाह में जिलाध्यक्ष के खिलाफ बोलना उचित नही समझते जिसका फायदा जिलाध्यक्ष द्वारा उठाया जा रहा है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है वर्तमान जिलाध्यक्ष पार्टी को एक प्रायवेट लिमिटेड कंपनी की तरह चला रहे हैं, जिससे अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में भारी निराषा देखने को मिल रही है। कोरिया जिले में बन रही इस स्थिति से बचने के लिए पार्टी संगठन को भी संज्ञान लेना चाहिए।

## कलेक्टर ध्रुव ने ली जिले के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक

### बच्चों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने कलेक्टर ने प्राचार्यों को दिए निर्देश

ईस्नु प्रसाद यादव
संवाददाता मनेंद्रगढ़ , 27 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।






कलेक्टर श्री पीएस ध्रुव ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालय के प्राचार्यों की बैठक ली और शिक्षा विभाग के द्वारा संचालित शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन, विद्यालय में छात्र-छात्राओं की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शत प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनवाकर वितरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी सुनिश्चित कराने, विद्यालयों में शिक्षकों का समय पर उपस्थिति देते हुए लापरवाह शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने कहा।

बैठक की शुरूआत में कलेक्टर द्वारा शिक्षा के तीन चरण स्मृति, बोध एवं चिंतन पर विशेष रूप से प्राचार्यो का ध्यान केन्द्रित किया गया। विद्यालय की कमियों को दूर करके तथा छात्रों में बौद्धिक विकास एवं कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। बच्चे लगभग 6 घंटे स्कूल में रहते हैं, उस अवधि में बच्चों के सर्वांगींण विकास पर जोर दें। विद्यालयों में नियमित रूप से पालक समिति की बैठक पर आयोजित कर शाला की समस्त गतिविधियों की जानकारी पालक समिति को देने की बात कही गई। स्कूल में बच्चों को सामान्य रूप से शिक्षा देना तथा बच्चों में स्वस्थ प्रतियोगिता एवं उच्च कोटि के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की बात कही गई। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्रों हेतु अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने हेतु विशेष तैयारी की आवश्यकता है तथा प्राचार्य शिक्षकों के पढ़ाते समय कक्षा का अवलोकन अवश्य करें।

कलेक्टर ने बैठक में जिले में समस्त स्वामी आत्मानंद स्कूलों के प्राचार्यों को छात्रों के हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने अंदर निहित गुणों को निकालकर बच्चों को प्रदान करें तथा छात्रों में शिक्षकों से प्राप्त गुणों को आत्मसात करने तथा गुणों को उकेरने का प्रयास हो। यदि शिक्षक समय पर स्कूल नही पंहुचते है तथा अध्यापन में रूचि नही लेते हैं ऐसे शिक्षकों पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। ज्ञान के सागर को विद्यार्थियों पर उड़ेलने एवं सही आकृति देने की बात कही गई। जब बच्चों से कुछ पूछा जाये तो बच्चों में जवाब देने की क्षमता का विकास करें।

कलेक्टर द्वारा प्राचार्यो से हिन्दी एवं कला से संबधित विषयों पर विकल्प देते हुए उत्तर जानने की कोशिश की गई। कलेक्टर द्वारा विभिन्न महापुरूषों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा आज संविधान दिवस के अवसर पर संविधान के संबंध में बहुत रोचक जानकारी प्रदान की गई। प्राचार्यों को यह निर्देशित किया गया कि उनके विद्यालय में ऐसे छात्र जिनका जाति प्रमाण पत्र नही बना है, उसे 31 दिसंबर 2022 तक अनिवार्यतः बना लिया जावे तथा इस कार्य में जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदारों को भी बैठक में निर्देशित किया गया।

आज संविधान दिवस के अवसर पर सभाकक्ष में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं प्राचार्यों ने संविधान की प्रस्तावना का पठन किया। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खडगवां श्रीमती नयनतारा सिह तोमर, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भरतपुर श्री मूलचंद चोपड़ा, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चिरमिरी श्री बी.एस.मरकाम, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रवीण भगत, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय मिश्रा, सर्व तहसीलदार एवं सर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तथा जिले के सभी प्राचार्य उपस्थित थे।

# सेटिंग सिंह की मनेंद्रगढ़ क्षेत्र में पदस्थापना,क्या उसके बाद बड़े पैमाने पर बढा अवैध कारोबार?

- क्या चुनमुन अवैध कारोबार जगत का बादशाह बनने की जुगत में?
- क्या सेटिंग नही होने पर पुराने छोटे बड़े कबाड़ी हुए जमी दोज?
- नए नवेले तेजतर्रार जिला बदर की कार्यवाही झेल चुके कथित अपराधी को बनाया कबाड़ियों का सरगना
- एक सिपाही की भी कबाड़ियों से पार्टनरशिप की खबर
- रक्षक ही भक्षक बन बैठे तो शहर के नागरिकों को सताने लगी अपनी सुरक्षा की चिंता








- रवि सिंह -
मनेन्द्रगढ़ /एमसीबी 27 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)

अंगद की तरह पैर जमा कर बैठे हैं सेटिंग सिंह, कई पुलिस अधीक्षक खुद हुए स्थानांतरित,लेकिन वे एक ही स्थान पर जमे हुए हैं। चिरिमिरी, मनेंद्रगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत इन दिनो कबाड़ीओं का आतंक सर चढ़कर के बोल रहा है संगीन अपराधों में संलिप्त जिला बदर की कार्यवाही वाला अपराधी इन दिनों मनेंद्रगढ़ क्षेत्र के कबाड़ियों का सरगना बना हुआ है जिसको लेकर आए दिन शहर में लगातार घटनाएं घट रही हैं कबाड़ी और उसका परिवार दिन रात सड़क में दहशत फैला रहे हैं जिसको लेकर शहर में दहशत का वातावरण व्याप्त है, कोयलांचल क्षेत्र के राजनगर रामनगर आमाडांड, बिजुरी, कपिलधारा हल्दीबाड़ी, चिरमिरी सहित आसपास की दर्जनों खदानों से लोहा चोरी करके नेशनल हाईवे 78 पर वन विभाग के रेंज ऑफिस के पास बड़ा गोदाम बनाकर प्रतिदिन दो तीन ट्रक लोहा रायपुर की तरफ भेजा जा रहा है चुकी कबाड़ी लाखों रुपए महीना शहर में शांति व्यवस्था कायम करने की जिम्मेदारी लिए हुए अधिकारियों को देता है इसलिए वह धड़ल्ले से अपने संगीन कार्यों को अंजाम दे रहा है और आम नागरिकों को दबाने का प्रयास कर रहा है मनेंद्रगढ़ थाने में पदस्थ एक सिपाही की भूमिका काफी संदिग्ध बताई जाती है वह दिन रात सिर्फ अवैध कार्यों को अंजाम देने वाले कारोबारियों के संपर्क में रहता है और लेनदेन सहित लगभग सभी कार्य उसी के निर्देशन पर किए जाते हैं वहीं वह सेटिंग सिंह का काफी करीबी बताया जाता है और उनके काले धन को लाने ले जाने पहुंचाने आदि का कार्य उसी सिपाही के जिम्मे होता है।

### क्या चुनमुन अवैध कारोबार जगत का बादशाह बनने की जुगत में?

विदित हो कि चुनमुन नाम के अवैध कारोबारी अपराध जगत का बादशाह बनने की जुगत में एक विशेष समुदाय के सिपाही का करीबी बनकर आज एमसीबी जिले में अवैध कारोबार सफलतापूर्वक स्थापित करने में सफल हुआ है,चूकि कबाड़ी भी विशेष वर्ग का है,सिपाही भी काफी दिनों से मनेन्द्रगढ़ थाने में सेटिंग सिंह की सेटिंग और मैनेज का काम बड़ी होशियारी से करता है सिपाही मनेंद्रगढ़ शहर का रहने वाला है,उसे पूरे शहर के आटा दाल चना और छर्रों का भाव पता है यही वजह है कि सेटिंग सिंह उसी को आगे करके अपने कार्यक्षेत्र में काले कारनामे और काले धंधे सफलतापूर्वक संचालित कर रहे हैं,शराब कबाड़ कोयला सट्टा जुआ जैसे सभी कार्य इसी सिपाही की देखरेख में संचालित होता है,सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सेटिंग सिंह सिर्फ शहर के प्रभावशाली लोगों से मीठी-मीठी बात कर उनको प्रभावित कर अपने आप को साफ सुथरा बताने का काम दिनभर अपनी खुशी में बैठकर करते हैं शहर के लोग यदि उनके चेंबर में जाते हैं तो शहर के उम्दा होटलों से खानपान की टेबलें सजाई जाती है और इस तरह से शहर का व्यक्ति जो कभी उस चेंबर में पानी भी नहीं पाता था जोरदार स्वागत से प्रभावित होकर सेटिंग सिंह की जयकारा करने लगता है सेटिंग सिंह उन्हीं प्रभावशाली लोगों को आधार बनाकर उच्चाधिकारियों से अपनी तारीफ करवाते हैं और उसके आड़ में पूरे शहर में अवैध कारोबारियों को संरक्षण देकर लाखों रुपए महीने की काली कमाई एकत्र कर रहे हैं, काली कमाई एकत्र करने की इनकी काली मनसा ने पूरे शहर को काले व्यापार से काला कर डाला है लोग दहशत में जी रहे हैं,

### जिले में कई नगर निरीक्षक पुलिस लाइन में प्रभार पाने लेफ्ट-राइट कर रहे

उल्लेखनीय है कि साहब के अनुसार प्रदेश स्तरीय सत्ता पक्ष के प्रभावशाली नेताओ से उनके मधुर संबंध है स्थानीय स्तर में भी जनप्रतिनिधियो का करीबी बनकर कभी कभी यह भी कहते हैं कि किसी में दम है कि मेरा स्थानांतरण करवा दे, इनकी बात कहीं ना कहीं सही भी लग रही है एक दो फूल का अधिकारी कोतवाली को संचालित कर रहा है वही जिले में कई नगर निरीक्षक पुलिस लाइन में लेफ्ट राइट कर रहे हैं, वरिष्ठता को दरकिनार करते हुए जिले के जिम्मेदार अधिकारी जिसमें कई का स्थानांतरण हो चुका है इन महोदय को थाने से हटा पाने में सफल नहीं हो पाए हैं देखना यह है की ऐसा कौन दमदार अधिकारी आता है जो अंगद की तरह पैर जमा कर बैठे सेटिंग सिंह का पैर हिला पाता है।

### रात में किसी को उठा लो और मारपीट करते रहो क्या यही है पुलिसिंग?

बाहर हाल स्थिति जो भी हो पूरे मनेन्द्रगढ़ शहर में दहशत का माहौल है अपराधियों का बोलबाला है अपराध का ग्राफ काफी बड़ा है अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति कभी अपनी गाड़ियों से किसी संभ्रत व्यापारी की कार ठोकते हैं, तो कभी रात में किसी को उठा लाते हैं किसी से मारपीट करते हैं तो कभी किसी की जमीन को दबाने का प्रयास करते हैं कल तक खटारी गाड़ियों में घूमने वाले यह कबाड़ी महंगी महंगी गाड़ियों और महंगे महंगे मोबाइल दिखाकर लोगों में अपना प्रभाव दिखाने की जुगत में शहर के कई स्थानों में देखे जा सकते हैं क्योंकि इनकी सेटिंग, सेटिंग सिंह से है तो इनको किसी का डर भी नहीं है क्योंकि सेटिंग सिंह भी प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं? वे इन अपराधियों के विरुद्ध कोई शिकायत सुनते भी नहीं है और ना ही कोई अपराध अभी तक इनके विरूद्ध पंजीबद्ध किया गया है यही वजह है कि अपराध जगत का बेताज बादशाह बनने का सपना देख रहा चुनमुन कबाड़ी और उसके भाई इन दिनों पूरे शहर में दहशत फैला रहा है और सेटिंग कर बड़े काले कारोबार को अंजाम दे रहा है।

### अधिकारियों की नाराजगी पर 10 तारीख तक मोहलत क्यों मांग रहा है सेटिंग सिंहः सूत्र

अखबार की खबरों से खाकी की बदनामी हो रही पर अधिकारी भी सेटिंग सिंह से अब परेशान हो चलें जिस वजह से उनकी नाराजगी भी अब अंदर खाने में पनपने लगी है सूत्रों की माने तो अधिकारी काफी खफा है पर उन्हें यह बोलकर रोका जा रहा है कि 10 दिसंबर तक मुझे छोड़ दीजिए 10 दिसंबर के बाद मेरी पदोन्नति हो जाएगी तो मैं यहां से चला जाऊंगा, अब सवाल यह है कि आखिर 10 दिसंबर तक ऐसा क्या हो जाएगा और 10 दिसंबर तक रुक कर यह क्या करना चाहते हैं? आखिर अधिकारी इनकी बातों पर कितना भरोसा कर रहे हैं और इस बात में कितनी सच्चाई है यह तो अधिकारी जाने।

# आम जनता ने कुसमी शहर की सड़क को जल्द बनवाने की मांग



- संवाददाता -
कुसमी, 27 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

नगर पंचायत कुसमी का मुख्य सड़क काफी दिनों से खराब है खराब सड़क को बनाने के लिये शासन प्रशासन की और टेंडर जारी कर ठेकेदार को काम भी दे दिया है लेकिन ठेकेदार और लोक निर्माण के अधिकारी की लापरवाही इतनी की काम शुरु कर के बंद कर दिया गया,और जब आम जनता नाराज होकर सोशल मीडिया में जब आवाज उठाती है तो फिर काम शुरू कर दिया जाता है और फिर बंद हो जाता है, अब सालों से खराब सडक की वजह से आम जनता धुल और गढ्ढे से काफी परेशान हो चुके हैं,आम जनता चाहती है कि जल्द से जल्द सड़क बने,इसलिये आज कुसमी बस स्टैंड में आम जनता एकजुट हुये, उन्हें सड़क को लेकर आवाज उठानी पड़ी जबकि अपने देश के लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहे जाने वाले पत्रकारों ने भी अपने अपने न्यूज पेपर और न्यूज चैनल में खबर चलाकर कई बार शासन प्रशासन को सड़क की समस्या से अवगत करा चुके है, वही आम जनता यहाँ के राजनीति दल में काम करने वाले लोगो से काफी नाराज है क्योंकि सत्ता पक्ष आम जनता की समस्या को नही सुन रहा है और न जाने क्या कारण है कि विपक्ष भी जनता को सड़क की समस्या से निजात दिलाने के लिये अच्छे से आवाज नही उठा पा रही है,कुसमी की त्रस्त जनता आखिरकार खराब सड़क से इतनी परेशान हो चुकी है कि खराब सड़क की वजह से दुकानदारों के दुकान में रखी समान धुल से खराब हो रही है तो वही सड़क पर ठेलों में खाने पीने की चीजों में भी धुल पड़ रही है लेकिन जनता मजबुर धुल से दूषित खाद्य सामग्री को खाने पीने पर मजबुर है,यही मजबुरी की वहज से कुसमी की आम जनता को घर से निकलकर आज रविवार को बस स्टैंड में इकट्ठा होना पड़ा, और वही पर लोक निर्माण के एसडीओ को भी मौके पर बुलाया गया जहाँ पर आम जनता ने अपनी परेशानियों से एसडीओ को अवगत कराया गया जिसपर लोक निर्माण के एसडीओ ने एक हफ्ते में काम कराने का वादा आम जनता से किया है, बहरहाल सड़क एक ऐसा साधन है कि जिसकी जरुवत हर किसी को होती है अच्छा सड़क क्षेत्र के विकसित होने को दर्शाता है अच्छे सड़क से आम इन्सान से लेकर मरीज वर्ग के लोगो के लिये बहुत जरूरी होती है सड़क से कितनो की जान बचती है यह समझना होगा जिम्मेदारों को,और आम जनता पर दया भी रखनी होगी सड़क जैसे जरूरीवत की मांगो को लेकर।





# शहर के बाहर माइनिंग की पेट्रोलिंग और शहर के भीतर खूब फल-फूल रहा अवैध रेत का कारोबार

- संवाददाता -
कोरबा, 27 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले के विकासखंड से लेकर शहर तक अवैध रेत का कारोबार खूब फल फूल रहा है ,माइनिंग विभाग द्वारा कार्यवाही भी की जाती है लेकिन सवाल यह खड़ा होता है कि कोरबा जिले के सीतामढ़ी हो या बरमपुर, इस जगह अवैध रेत की गाड़ियां हर आधे घंटे में जिले भर में दौड़ती हुई दिखाई दे सकता है, लेकिन इन पर प्रशासन की नजर क्यों नहीं पड़ती ? कोरबा जिले के सीतामढ़ी में अवैध रेत की सैकड़ों गाड़ियां दौड़ रही हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर एक-दो गाड़ियों पर ही गाज गिरती है द्ध बरमपुर हो या सीतामढ़ी सुबह से लेकर रात तक चोरी का रेत लेकर गाड़ियां जिले भर में दिखाई पड़ती हैं द्ध आखिर किसकी मेहरबानियो से यह काम फल फूल रहा है बड़ी कार्रवाई इन पर क्यों नहीं होती सवाल तो बहुत है लेकिन जवाब एक ही मिलता है हम कार्यवाही कर रहे हैं द्ध अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या प्रशासन इन रेत माफियाओं पर कोई कार्यवाही करती है या फिर जिले की जनता अधिक दामों में होते रहेंगे रेत खरीदने को मजबूर ?

# सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों पर की जा रही कार्यवाही,पुलिस अधीक्षक ने यातायात के नियमों का पालन करने की अपील



- संवाददाता -
कोरबा, 27 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

सड़क के किनारे बेतरतीब ढंग से और बिना कोई संकेत उपयोग किए खड़े किए जाने वाले भारी वाहनों के कारण बढ़ते हादसों के मद्देनजर यातायात अमले के द्वारा ऐसे वाहनों पर कार्यवाही की जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सोमवार से यातायात पुलिस के द्वारा जिले भर में अभियान शुरू किया जाएगा। इस जांच कार्यवाही में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कार्यवाही की जद में आएंगे। इससे पहले यातायात अमला मुस्तैद होकर उन वाहनों पर कार्यवाही कर रहा है, जिन्हें लापरवाही पूर्वक सड़क किनारे खड़ा कर दिया जाता है।यातायात थाना में पदस्थ एएसआई मनोज राठौर ने बताया कि 25 ऐसे ट्रक एवं भारी वाहनों को धारा 283 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही

करते हुए संबंधित थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। थाना उरगा, बालको, कटघोरा और पाली में कुल 25 वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कराई गई है। एसआई मनोज राठौर ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश व मार्गदर्शन में यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

जिला पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने जिले की जनता से अपील की है कि वे वाहनों को चलाते समय यातायात के नियमों का पूर्ण रूप से पालन करें। नियमों का पालन कर ले न सिर्फ अपना बल्कि दूसरों का भी जीवन सुरक्षित करने में सहयोग करें। एसपी ने ट्रांसपोर्टरों एवं ट्रांसपोर्ट कंपनियों के संचालकों से कहा है कि वे अपने चालक एवं हेल्पर को सख्त निर्देश दें कि वाहन चलाते समय नशीले पदार्थों का उपयोग बिल्कुल ना करें। ओवर स्पीड वाहनों को ना चलाएं तथा कहीं भी ब्रेक डाउन होने पर वाहन को वहां से हटवाने और शीघ्र सुधार की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। भारी वाहनों को सड़क के किनारे बेतरतीब ना खड़ा करें। अगर ऐसी कोई आपात स्थिति निर्मित हो तो संकेत आदि का उपयोग अवश्य करें ताकि दूसरों का जीवन सुरक्षित रह सके। एसपी ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए बिल्कुल ना दें। स्कूल प्रबंधनों को भी कहा गया है कि वे विद्यालय में दो पहिया वाहन लेकर आने वाले बच्चों पर नजर रखें एवं इस संबंध में अभिभावकों को भी निर्देश जारी करें।

# महापौर व जिला पंचायत अध्यक्ष के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक



- संवाददाता -
कोरबा, 27 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में विगत 06 दिवस से आयोजित किए जा रहे छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के जिला स्तरीय खेलों का समापन महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर सभापति श्यामसुंदर सोनी, जिला पंचायत सी.ई.ओ. नूतन कंवर, निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण, जिला पंचायत के जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी कर्मचारीगण तथा विभिन्न खेल विधाओं के खिलाड़ीगण उपस्थित थे द्ध प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों का बढ़ावा देने, प्रोत्साहित करने एवं इनके प्रति आमलोगों में जागरूकता लाने के मद्देनजर प्रदेश के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक आयोजन किए जाने के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में वार्ड स्तरीय, जोन स्तरीय व कलस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के पश्चात प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम टी.पी.नगर कोरबा में 21 नवम्बर से 26 नवम्बर तक जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। आयोजन के अंतिम दिवस महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर के आतिथ्य में खेल प्रतियोगिताओं का समापन किया । अतिथियों के द्वारा विभिन्न खेल के प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उन्हें सम्मानित व प्रोत्साहित किया गया तथा खेल समापन की घोषणा की गई द्ध इस मौके पर सभापति श्यामसुंदर सोनी के साथ ही महिला आयोग की सदस्य अर्चना उपाध्याय, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, सुरती कुलदीप, एल्डरमेन रामगोपाल यादव, बच्चू लाल मखवानी, गीता गभेल, उपायुक्त पवन वर्मा, छत्रपाल सिंह कंवर, प्रदीप पुराणे, विनय धीवर, ममता अग्रवाल, रामकृपाल साहू, उद्घोषक घनश्याम श्रीवास व नीलम शर्मा, वीरेन्द्र राठौर, बनवारीलाल पाहुजा, कृष्णा गढ़ेवाल, कृति दत्ता, धर्मेन्द्र चौहान आदि के साथ विभिन्न खेल विधाओं के खिलाड़ीगण व काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला सरगुजा,(छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0-202104021700017/47 /अ-27/2020-21

**अंतिम फर्द बंटवारा ईश्तहार प्रकाशन**

आवेदक महाजन आ0 स्व0 सिरोधन व अन्य, जाति कंवर, निवासी ग्राम परसा, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम परसा स्थित भूमि कुल खसरा क्र0-14 कुल रकबा 3.4930 हे0 भूमि का आवेदिकागण के मध्य खाता विभाजन कर हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत फर्द बंटवारा सूची एवं फर्द नक्शा का अंतिम प्रकाशन किया जा रहा है। अतः उक्त फर्द बंटवारा में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14/12/2022 दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0- /ब-121/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आवेदक मनी राम घोष आ0 निकुंज घोष निवासी घोषपारा सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की पुर्नवास से प्राप्त पट्टे की भूमि ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नंबर 109/5 रकबा 0.144 हे0 भूमि को अनावेदक दीपक कुमार सोनी आ0 पारसनाथ सोनी, व अन्य निवासी पुराना माइनस भटगांव तहसील भटगांव जिला सूरजपुर छ0ग0 के पास अंकन राशि रूपये 17,50,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे सुनवाई दिनांक 23/12/2022 को पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर, सरगुजा

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा0.) अम्बिकापुर, जिला -सरगुजा, (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.../अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुशील कुमार पाण्डेय आ0 रामनाथ पाण्डेय जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम नगर नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 2/907, रकबा 0.012 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण-पत्र, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 12/12/2022 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/11/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा)अम्बिकापुर

# संजू सैमसन को नहीं मिली टीम में जगह,फैंस ने लगाई क्लास



**मेलबर्न,27 नवम्बर 2022।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच 27 नवंबर को दूसरा वनडे मुकाबला खेला गया जो बारिश के कारण रद्द हो गया। इस मैच से पहले भारतीय कप्तान शिखर धवन ने हैरानी वाला फैसला लिया, जिससे क्रिकेट फैंस काफी हैरान दिखे। दरअसल मैच की प्लेइंग इलेवन में टीम में संजू सैमसन को शामिल नहीं किया गया है।

हेमिल्टन के सेडन पार्क मैदान पर होने वाले मैच में संजू सैमसन को ड्रॉप कर टीम में दीपक हुड्डा को मौका मिला था। संजू को टीम में जगह नहीं मिलने पर टीम मैनेजमेंट पर फैंस काफी नाराज हुए है। संजू के अलावा शार्दुल ठाकुर को भी बाहर बैठाया गया था। उनकी जगह दीपक हुड्डा और दीपक चाहर की टीम में मौका मिला था।

वहीं फैंस ने टीम में हुए इस बदलाव के खिलाफ सोशल मीडिया पर जमकर भड़ास निकाली। फैंस ने पसंदीदा खिलाड़ी को बाहर बैठाए जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त की। कई फैंस ने टीम मैनेजमेंट पर आरोप लगाया कि वो संजू का करियर खत्म करने के लिए ही काम कर रहे है।

### ये था संजू को ड्रॉप करने का कारण

संजू सैमसन को ड्रॉ करने के पीछे के कारण का खुलासा खुद टीम के कप्तान शिखर धवन ने किया है। मैच के बाद उन्होंने बताया कि हम छठे बॉलिंग विकल्प को आजमाकर देखना चाहते थे। इस कारण दीपक हुड्डा को टीम में जगह मिली और संजू को बाहर बैठना पड़ा। वहीं दीपक गेंद और बल्ले दोनों से ही टीम के लिए अच्छा कर सकते है। गौरतलब है कि संजू सैमसन को न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए पहले मुकाबले में जगह मिली थी जहां उन्होंने 36 रनों की पारी खेली थी। हालांकि दूसरे मैच में उन्हें टीम में जगह नहीं मिली थी। ऐसे में फैंस ने बीसीसीआई टीम मैनेजमेंट पर भेदभाव करने का आरोप तक लगाया था।

### ऐसा रहा दूसरा मैच

रविवार को अधिकतर समय बारिश होती रही या मैदान गीला रहा जिसके कारण दो बार मैच शुरू होने के बावजूद सिर्फ 12.5 ओवर का खेल हो पाया जिसमें भारत ने एक विकेट पर 89 रन बनाए। दूसरी बार मैच जब रोका गया तो दोबारा शुरू नहीं हो पाया। इस समय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल 42 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से 45 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि सूर्य कुमार यादव 25 गेंद में तीन छक्कों और दो चौकों की मदद से 34 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। बारिश के कारण टॉस में लगभग 15 मिनट का विलंब हुआ लेकिन मैच समय पर शुरू हुआ। आसमान में छाए बादलों के बीच न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मैच लगभग चार घंटे तक खेल रुका रहा। खेल दोबारा शुरू होने पर मैच को 29 ओवर का कर दिया गया। मैच को बारिश के कारण पहले रोका गया फिर उसे रद्द किया गया।

न्यूजीलैंड की टीम तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रही है। तीसरा और अंतिम एकदिवसीय मुकाबला बुधवार 30 नवंबर को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। भारत अब तीन मैच की श्रृंखला जीत नहीं सकता लेकिन अंतिम एकदिवसीय मुकाबले में जीत के साथ श्रृंखला बराबर करने की कोशिश करेगा।

# मेस्सी के गोल से अर्जेन्टीना ने मैक्सिको को 2-0 हराया

### नॉकआउट में जगह बनाने की अपनी उम्मीद बरकरार

**दोहा,27 नवम्बर 2022।** दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेस्सी के गोल से अर्जेन्टीना ने यहां मैक्सिको पर 2-0 की जीत के साथ फीफा विश्व कप के नॉकआउट में जगह बनाने की अपनी उम्मीद जीवंत रखी। मेस्सी ने एंजेल डि मारिया के पास पर 64वें मिनट में 25 यार्ड की दूरी से गोल दागा। टीम की ओर से दूसरा गोल स्थानापन्न खिलाड़ी एंजो फर्नांडिस ने 87वें मिनट में किया। अर्जेन्टीना को पहले मैच में सऊदी अरब के खिलाफ 1-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था।बुधवार को पोलैंड के खिलाफ होने वाले अंतिम ग्रुप मैच से पहले अर्जेन्टीना की टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर चल रही है और नॉकआउट में जगह बनाने के लिए उसे संभवतः एक और जीत दर्ज करनी होगी।



पैंतीस साल के मेस्सी संभवतः अपना अंतिम विश्व कप खेल रहे हैं और यही एक बड़ा टूर्नामेंट है जिसका वह खिताब नहीं जीत पाए हैं। मेस्सी का यह विश्व कप में आठवां गोल है। उनके प्रतिद्वंद्वी पुर्तगाल के दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने भी विश्व कप में आठ ही गोल दागे हैं जबकि अर्जेन्टीना के महान खिलाड़ी डिएगो माराडोना के नाम पर भी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में इतने ही गोल दर्ज हैं। कुछ लोगों का मानना है कि पेले और माराडोना की तरह खेल के महानतम खिलाड़ियों की सूची में शामिल होने के लिए मेस्सी को विश्व कप जीतने की जरूरत है। मैक्सिको के खिलाफ जीत की बदौलत मेस्सी की यह उम्मीद अब भी बरकरार है।

इस गोल से पहले मेस्सी के लिए मैच हताशा भरा रहा और प्रत्येक समय दो डिफेंडर उनके इर्द-गिर्द रहे और उन्हें खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। मेस्सी के गोल के साथ ही हालांकि मैच की लय पूरी तरह बदलगई और अर्जेन्टीना ने आसान जीत दर्ज की। मेस्सी का यह टूर्नामेंट का दूसरा और कुल 93वां अंतरराष्ट्रीय गोल है। उन्होंने सऊदी अरब के खिलाफ भी पेनल्टी पर गोल दागा था।

# आईपीएल और खिलाड़ियों के फ्लॉप प्रदर्शन पर आया दिग्गज खिलाड़ी गौतम गंभीर का बयान

**मेलबर्न,27 नवम्बर 2022।** भारतीय क्रिकेट टीम के प्रदर्शन को लेकर इन दिनों कई तरह के सवाल उठ रहे है। आगामी वनडे विश्व कप को लेकर भारतीय टीम के प्रदर्शन को लेकर दिग्गज चिंता जता रहे है। कई क्रिकेटर मांग कर चुके हैं कि आईपीएल को बैन हो जाना चाहिए। कई दिग्गजों ने ये भी सुझाव दिया है कि खिलाड़ियों को अन्य देशों में होने वाली लीगों में खेलने का मौका मिलना चाहिए।

वहीं खुद कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा रह चुके और भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर ने भी इस मामले पर अपनी राय दी है। उनके अनुसार खिलाड़ियों के प्रदर्शन का कारण आईपीएल नहीं है। खिलाड़ियों की फ्लॉप पर्फॉर्मेंस के लिए आईपीएल को मुख्य तौर से जिम्मेदार ठहराना गलत है। उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेट में बीते कुछ वर्षों में सबसे अच्छी चीज कुछ हुई है तो वो आईपीएल ही है। आईपीएल की बदौलत ही खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिलता है। नए खिलाड़ियों के लिए



ये बेहद शानदार प्लेटफॉर्म है। ये क्रिकेट करियर को नई दिशा और उड़ान देने में सक्षम है।

उन्होने कहा कि भारतीय खिलाड़ी कुछ समय से आईसीसी द्वारा आयोजित मैचों में अच्छा नहीं खेल रहे है। इसके लिए खिलाड़ी खुद ही जिम्मेदार है। खिलाड़ियों के बुरे प्रदर्शन के लिए आईपीएल को जिम्मेदार ठहराना सही नहीं बल्कि खुद खिलाड़ियों को इसके बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि आईपीएल की बदौलत आज भारतीय टीम में कई खिलाड़ियों को जगह मिली है। इसने भारतीय टीम का पूरा रूप बदल दिया है। इसके अलावा आईपीएल से खिलाड़ियों को प्लेटफॉर्म और आर्थिक सुरक्षा भी मिली है। आईपीएल कुछ वर्षों में ऐसा स्तर बनकर उभरा है जिससे खिलाड़ियों का क्रिकेट के प्रति प्रेम भी बढ़ा है।

इस टीम से जुड़े हैं गंभीर

गौतम गंभीर मौजूदा आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटर की भूमिका निभा रहे है। ये टीम आईपीएल में काफी दमदार टीम मालूम होती है क्योंकि टीम ने पहले ही प्लेऑफ को क्वालिफाई किया था। माना जा रहा है कि केएल राहुल और गौतम गंभीर की जोड़ी मिलकर टीम को मजबूती देगी। आईपीएल जीतने के लिए ये टीम भी मजबूत दावेदार मानी जा रही है।



# कीशेर फुलर के गोल की बदौलत कोस्टा रिका ने ग्रूप ई में जापान को 1-0 से हराया

**दोहा,27 नवम्बर 2022।** कीशेर फुलर के 81वें मिनट में किये गये गोल की बदौलत कोस्टा रिका ने रविवार को यहां फीफा विश्व कप मुकाबले में जापान को 1-0 से हरा दिया जिससे ग्रुप ई में दोनों टीमों के दो मैचों से तीन तीन अंक हो गये हैं। फुलर ने डिफेंस की गलती का फायदा उठाया और 18 मीटर की दूरी से नेट में शॉट लगाया जो जापान के गोलकीपर शुईची गोंडा की ऊंगलियों के ऊपरी हिस्सों को छूता हुआ नेट में पहुंचा।

अहमद बिन अली स्टेडियम में मैच ज्यादातर हिस्से में नीरस रहा विशेषकर पहले हाफ में जिसमें एक भी शॉट गोल में नहीं लगा। इसकी तुलना में दूसरा हाफ थोड़ा बेहतर था जिसमें जापान ने तब तक दबदबा बनाये रखा जब तक कोस्टा रिका ने बढ़त नहीं बना ली। कोस्टा रिका के गोलकीपर केलोर नवास ने बढ़त बनाये रखने के लिये अंतिम मिनट में तेजी से कई शॉट बचाये।

जापान को ग्रुप ई में अपना अंतिम मैच स्पेन से खेलना है जबकि कोस्टा रिका का सामना जर्मनी से होगा। जापान इस मैच में जीत से नॉकआउट चरण में पहुंच सकता था। उसने शुरूआती मैच में जर्मनी को 2-1 से हराकर उलटफेर किया था। कोस्टा रिका को पहले मैच में स्पेन से 0-7 की पराजय झेलनी पड़ी थी और टीम टूर्नामेंट में बने रहने की कोशिश कर रही है।

# फोन भूत का बनेगा सीक्वल

गुरमीत सिंह द्वारा निर्देशित फोन भूत बड़े पर्दे पर रिलीज हो गई। यह एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है। फिल्म की रिलीज लंबे समय से टलती आ रही थी। फिल्म में कैटरीना कैफ, ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। वहीं, जैकी श्रॉफ में फिल्म में विलेन का किरदार निभाया है। फिल्म के आखिर में निर्माताओं ने इसका सीक्वल बनाने की भी घोषणा कर दी है।

फिल्म फोन भूत में जैकी श्रॉफ ने तांत्रिक आत्माराम का किरदार निभाया है। आत्माराम ईशान और सिद्धांत के किरदार गुल्लू और मेजर को मारना चाहता है। फिल्म में आत्माराम बार-बार अपने भरोसेमंद साथी जॉनी दुश्मन का जिक्र करता है। हालांकि, फिल्म में जॉनी को पर्दे पर एक भी बार नहीं दिखाया गया। फिल्म के आखिर में इसके सीक्वल की घोषणा की जाती है जो कि जॉनी पर आधारित होगी।यानी कि अगले भाग में जॉनी और गुल्लू-मेजर की टक्कर होगी।




दिसंबर, 2020 में इस फिल्म की शूटिंग शुरू हुई थी। वेब सीरीज मिर्जापुर के निर्देशक गुरमीत सिंह ने इस फिल्म का निर्देशन किया है, वहीं रवि शंकरन और जसविंदर सिंह बाथ ने इसकी कहानी लिखी है। कोरोना महामारी के कारण इस प्रोजेक्ट को खत्म करने में देर होती रही और आखिरकार 4 नवंबर को यह फिल्म पर्दे पर रिलीज हो सकी। फिल्म के सीक्वल के रिलीज डेट की फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है।

फोन भूत दो दोस्तों, एक भूत और एक विलेन की कहानी है। फिल्म में ईशान और सिद्धांत के करिदारों को भूत दिखते हैं। इससे वो भूत पकड़ने का व्यापार फोन भूत शुरू करते हैं। इस व्यापार में उनकी मदद कैटरीना का किरदार रागिनी करती है। रागिनी खुद एक भूत है। वहीं, जैकी का किरदार एक तांत्रिक है, जो भूतों को मोक्ष दिलाने के नाम पर बोतल में बंद कर देता है। वह फोन भूत को भी खत्म करना चाहता है।

फोन भूत के अलावा इन कई चर्चित फिल्मों के सीक्वल की घोषणा हो चुकी है जिनका दर्शकों को इंतजार है। सितंबर में आई फिल्म ब्रह्मास्त्र के सीक्वल की घोषणा भी फिल्म के साथ की गई थी। अल्लू अर्जुन की चर्चित फिल्म पुष्पा 2 का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म की शूटिंग शुरू होने की खबर आई थी। वहीं 18 नवंबर को आ रही अजय देवगन की दृश्यम के सीक्वल का सभी को इंतजार है।

# सिद्धार्थ और रश्मिका की फिल्म मिशन मजनू इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आएगी

अब भले ही सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ जमा हो रही हो। बावजूद इसके कई फिल्मों को ओटीटी पर रिलीज किया जा रहा है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और रश्मिका मंदाना की फिल्म मिशन मजनू ने भी ओटीटी की राह पकड़ ली है। मतलब यह कि आप घर पर बैठे-बैठे इस फिल्म का आनंद ले पाएंगे। फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। आइए जानते हैं मिशन मजनू किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर और कब दर्शकों के बीच आएगी।

शेरशाह और थैंकगॉड के बाद सिद्धार्थ अब मिशन मजनू में दिखेंगे।

फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया, यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर अगले साल रिलीज होगी। निर्माताओं ने 18 जनवरी, 2023 को फिल्म दर्शकों के बीच लाने की योजना बनाई है। नेटफ्लिक्स जल्द ही फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा करने वाला है। दिसंबर, 2020 में इस फिल्म की घोषणा हुई थी। पिछले साल नवंबर में सिद्धार्थ ने फिल्म से अपनी पहली झलक दर्शकों को दिखाई थी।




बीते कुछ महीनों में बड़े सितारों की फिल्में धड़ाधड़ फ्लॉप होने के बाद तमाम निर्माताओं ने अपनी फिल्मों की ओटीटी रिलीज का रास्ता तलाशना शुरू कर दिया है। गोविंदा नाम मेरा से लेकर सेल्फी, फ्रेडी, टीकू वेड्स शेरू और खुफिया जैसी फिल्में ओटीटी पर आएंगी।

मिशन मजनू की कहानी पाकिस्तान की धरती पर भारत के सबसे महत्वाकांक्षी रॉ ऑपरेशन पर आधारित है। यह फिल्म 1970 के दशक में असली घटनाओं से प्रेरित है। यह फिल्म एक साहसिक जासूसी थ्रिलर होगी। फिल्म देश के ऐसे जांबाज सिपाहियों की कहानी सबके सामने लेकर आएगी, जो देश सेवा में अपनी जान कुर्बान कर देते हैं, लेकिन उनकी कहानियां कभी किसी के सामने नहीं आतीं। फिल्म में रॉ एजेंट बन सिद्धार्थ ऐसी ही कहानी दर्शकों के लिए लेकर आएंगे।

मिशन मजनू का इंतजार इसलिए भी बेसब्री से किया जा रहा है, क्योंकि यह साउथ की मशहूर अदाकारा रश्मिका की पहली हिंदी फिल्म है। वह इस फिल्म से बॉलीवुड में कदम रख रही हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी सिद्धार्थ के साथ बनी है। शांतनु बागची ने फिल्म का निर्देशन किया है। रॉनी स्क्रूवाला, अमर बुटाला और गरिमा मेहता ने मिलकर इस फिल्म को बनाया है। सिद्धार्थ-रश्मिका के अलावा कुमुद मिश्रा और शारिब हाशमी भी इसमें अहम भूमिका में दिखेंगे। सिद्धार्थ एक्शन से लबरेज फिल्म योद्धा में भी काम कर रहे हैं। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में उनके साथ दिशा पाटनी हैं। दूसरी तरफ रश्मिका फिल्म पुष्पाः द रूल में नजर आएंगी। पुष्पा में श्रीवल्ली के किरदार से वह देशभर में लोकप्रिय हो गई थीं। एनिमल और आरसी16 भी उनकी आने वाली फिल्मों में शुमार हैं। एनिमल में जहां रश्मिका को रणबीर कपूर का साथ मिला है, वहीं आरसी16 में वह राम चरण तेजा के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी।















# ग्रीन कलर की साड़ी पहने कहर ढाती दिखीं अनुष्का सेन



टीवी की स्टार किड अनुष्का सेन हमेशा अपने स्टनिंग लुक्स से फैंस को अपनी ओर अट्रैक्ट करना कभी नहीं भूलती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिसमें वो बेहद ही खूबसूरत तस्वीरों में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस अनुष्का सेन सोशल मीडिया लवर हैं, और आए दिन अपनी तस्वीरों से इंस्टाग्राम पर तहलका मचाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने ट्रेडिशनल आउटफिट में एक बार फिर से सोशल मीडिया पर कहर बरपा दिया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने लाइट ग्रीन कलर की ड्रेस पहनी हुई है। एक्ट्रेस अनुष्का सेन इन तस्वीरों में बेहद ही खूबसूरत और स्टनिंग हॉट नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने बालों की पोनीटेल बना कर और साथ ही न्यूड मेकअप कर के अपने इस एथनिक लुक की रंगत बढ़ा दी है। मिनिमल ज्वैलरी और स्टाइलिश लुक्स में पोज देकर एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। अनुष्का सेन का ये लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी जमकर तारीफ करते हैं।

# किसी को रॉड से पीटा तो किसी का पैर तोड़ा

### सीएम भूपेश की 1-2 नहीं बैक टू बैक आधा दर्जन ट्वीट

**रायपुर,27नवम्बर 2022(ए)।** प्रदेश में इन दिनों आईटी-ईडी की कार्रवाई चल रही है। कहीं मनी लांड्रिंग, तो कहीं कोल स्कैम और कहीं टैक्स चोरी के मामले को लेकर छापेमारी और पूछताछ का सिलसिला जारी है। इधर सेंट्रल एजेंसियों की कार्रवाई की शैली पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कड़ा एतराज जताया है।

### आईटी-ईडी को कड़ी चेतावनी

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बैक टू बैक 6 ट्वीट कर अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिस तरह से भयाक्रांत कर सेंट्रल एजेंसियां कार्रवाई कर रही है, उसकी सूचना केंद्र सरकार को दी जाये। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस किसी से भी पूछताछ हो, उसकी विडियोग्राफ़ी करायी जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानूनी रूप से पूछताछ और कार्रवाई में सहयोग दिया जायेगा, लेकिन मारपीट और धमकी के आधार पर पूछताछ जैसी शिकायतें आगे मिलेगी , तो राज्य की पुलिस विधिक रूप से कार्रवाई हेतु विवश होगी।



दरअसल पूछताछ के नाम पर ईडी और इनकम टैक्स जैसी एजेंसियां इन दिनों कईयों को समन देकर तलब कर रही है। आरोप है कि श्वष्ठ और इनकम टैक्स के अधिकारियों द्वारा लोगों से पूछताछ के दौरान गैर कानूनी तरीके अपनाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सख्त लहजे में कहा है कि जबरन लोगों को घर से उठाया जा रहा है, पूछताछ के नाम पर किसी को मुर्गा बनाया जा रहा है, तो किसी से मारपीट की जा रही है। यही नहीं कई लोगों को जेल में डाल देने और भूखे प्यासे भी रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्रवाई के नाम पर लोगों से जिस तरह से बर्ताव एजेंसियां कर रही है, ये किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना सूचना के ही छ्त्रक्क को लेकर छापेमारी कर रही सेंट्रल एजेंसियों ने पूछताछ के नाम टार्जर कर रही है। किसी को रॉड से पीटा गया तो किसी का पैर तोड़ा गया।

मुख्यमंत्री ने ट्वीट में लिखा है कि जिस तरह की शिकायतें मिल रही है, उससे प्रदेश के लोग काफी आक्रोश में है। उन्होंने आशंका जतायी है कि राजनीतिक षड़यंत्री की पूर्ति के लिए तो ऐसा कृत्य नहीं किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि भारत सरकार को इन सब घटनाओं की जानकारी दी जाये और अवैधानिक कृत्यों पर तत्काल रोक लगायी है। मुख्यमंत्री ने एजेंसियां जिससे भी पूछताछ करे, उसकी विडियोग्राफ़ी हो। विधिक ढंग से जांच में हमारा पूर्ण सहयोग रहेगा, लेकिन यदि ऐसी शिकायतें हमें आगे भी प्राप्त होंगी, तो राज्य की पुलिस विधिक रूप से कार्रवाई हेतु विवश होगी।



# धक्का-मुक्की में गिरे दिग्गी राजा पर कांग्रेस का अंदाज-ऐ-जवाब

### जयराम रमेश बोले एमपी की सड़कें नहीं किलर रोड हैं, दिग्गी पर चुटीले अंदा में दिया बयां वो 4 बार गिर चुके हैं वीडियो हुआ वायरल

**रायपुर,27नवम्बर 2022(ए)।** भारत जोड़ो यात्रा के एमपी में आने की बाद भीड़ और धक्का-मुक्की में दिग्विजय सिंह के गिरने के बाद हंगामा मच गया था। पूर्व मुख्यमंत्री, यात्रा के संयोजक और वरिष्ठ कोंग्रेसी दिग्गी राजा भी गिरने के बाद काफी नाराज़ हुए थे। लेकिन उस हादसे पर मिडिया को जवाब देने का मज़ाकिया अंदाज़ अब चर्चा में है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस हादसे को चुटकी लेते हुए रहस्योद्घाटन किया कि दिग्विजय 1 नहीं 4 बार गिर चुके हैं। यह बोलते ही हंसते हुए जयराम रमेश ने कहा पहली बार एमपी में गिरे ! उनका मतलब था चुनाव हारने से था।

मज़ाकिया अंदाज़ में पार्टी के वरिष्ठ नेता के गिरने की बात का उनका वीडियो खूब वायरल हो रहा है। उन्होंने इस बहाने मध्य प्रदेश की सड़कों पर भी कटाक्ष किया और एमपी खरगौन की सड़को को खूनी रोड तक कहा।

# बघेल को रमन की सीख, धैर्य रखिए सच सामने आएगा





**रायपुर,27नवम्बर 2022(ए)।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने अपने ट्वीट में सीएम बघेल पर पलटवार किया है। रमन सिंह ने लिखा है कि दाऊ भूपेश बघेल जी, आप जिसे प्रताड़ना कह रहे हैं, उस जेल यात्रा की वजह तो बताइए। जब आप एक निर्दोष मंत्री की झूठी अश्लील सीडी लहरा-लहरा कर चरित्र हनन के प्रयास करेंगे तो कार्यवाही ही होगी।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सिंह ने सीएम बघेल के ईडी जैसी जांच एजेंसियों पर प्रश्न उठाने से बेहतर है, धैर्य रखिए सच सामने आयेगा। पार्टी के विधायक सौरभ सिंह ने अपने बयान में कहा कि कहा कि एजेंसियां भ्रष्टाचार के दोषियों पर कार्रवाई कर रही है तो सीएम साहब आप को तकलीफ़ क्यों होनी चाहिए।

# भानुप्रतापपुर का मैदान छोड़ राहुल के पीछे भाग रही कांग्रेसःकेदार कश्यप

### बीजेपी ने कहा कि जनता का सामना नहीं कर पा रही भूपेश सरकार

**रायपुर,27नवम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा महामंत्री केदार कश्यप ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके मंत्रियों और कांग्रेस के तमाम नेताओं द्वारा राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होने प्रदेश के बाहर जाने पर कटाक्ष किया है कि भूपेश बघेल सरकार में छत्तीसगढ़ की दुर्दशा और जनता की नाराजगी के कारण छत्तीसगढ़ से कन्नी काटकर एमपी से आगे बढ़ने वाले राहुल गांधी की कदमबोसी के लिए कांग्रेस और उसकी सरकार इसलिए दीगर राज्यों में जा रही है क्योंकि यहां जनता का सामना नहीं कर पा रही। वरना कांग्रेस के नेता भानुप्रतापपुर छोड़कर यहां वहां घूम नहीं रहे होते।




प्रदेश भाजपा महामंत्री केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस भानुप्रतापपुर के उपचुनाव को छोड़कर राहुल गांधी के पीछे भाग रही है। उनकी यात्रा के पल्लू में छुपने की जगह उन्हें ही छत्तीसगढ़ क्यों नहीं बुलवा लिया? उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 4 साल में भानुप्रतापपुर में एक भी काम नहीं किया। नाराज जनता इनके मंत्रियों के सामने भूपेश बघेल सरकार मुर्दाबाद के नारे लगा रही है। सरकार जनता के सवालों का जवाब नहीं दे पा रही क्योंकि अब तक जनता को केवल छलावा देती आई है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने आदिवासियों का आरक्षण सुनियोजित तरीके से छिनवाया है। इससे आदिवासी समाज कांग्रेस को सबक सिखाने तैयार है। इससे घबराकर कांग्रेस ने भानुप्रतापपुर उपचुनाव में हाथ खड़े कर दिए हैं। राहुल की यात्रा तो एक बहाना है।

# जेल से फरार एक कैदी पकड़ाया

### दूसरे की तलाश जारी

**बालोद ,27नवम्बर 2022(ए)।** शनिवार को बालोद उप जेल की चार दिवारी को फांदकर फरार होने वाले दो बंदी में से एक बंदी को अर्बुद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकडाया बंदी हत्याकांड के मामले में सजायाफ्ता है,जबकि फरार दूसरा बंदी दुष्कर्म मामले में जेल बंद है।



उल्लेखनीय है कि अलग-अलग मामलों में बालोद उप जेल में बंद दो बंदी शनिवार की शाम को जेल की चार दीवारी को फांदकर भाग निकले। जिला पुलिस प्रशासन को इनके फरार होने की सूचना मिलते ही वह तत्काल हरकत में आई। पुलिस कप्तान ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए हर थानों में विशेष टीम गठित कर इनको तलाश कर पकडऩे का जिम्मा सौंपा। साथ ही साइबर सेल पुलिस को मदद करने के निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर साइबर सेल की मदद से अर्जुन्दा थाना निरीक्षक शिशिर पांडे की टीम ने एक कैदी भालूकोन्हा हत्याकांड के सजा व्याप्त अपराधी विकास यादव को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। दूसरे दुष्कर्म के अपराधी की तलाश में लगी है,और शीघ्र ही उसे पकडे जाने की बात कही है।

# एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन हासिल करने वाला देश का चौथा राज्य

**रायपुर,27नवम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर राष्टीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेशन हासिल करने वाला देश का चौथा राज्य बन गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने दुर्ग जिले के अमलेश्वर और रायपुर जिले के निसदा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर उप स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण और मूल्याकंन के बाद एनक्यूएएस प्रमाण-पत्र जारी किया है। राज्य के 57 शासकीय अस्पतालों को अब तक राष्टीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र से नवाजा जा चुका है।

### केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किया सर्टिफिकेशन


केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सेवाओं के मूल्यांकन में अमलेश्वर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर उप स्वास्थ्य केंद्र को 94 प्रतिशत और निसदा को 93 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। दोनों ही स्वास्थ्य केंद्रों का इस वर्ष जुलाई में केंद्रीय टीम द्वारा मूल्यांकन किया गया था। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर उप स्वास्थ्य केन्द्रों का राष्टीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेशन 12 मानकों के आधार पर किया जाता है।

इसके लिए संस्था द्वारा सेवा प्रदायगी, मरीज संतुष्टि, क्लिनिकल सर्विसेस, इनपुट, संक्रमण नियंत्रण, सपोर्ट सर्विसेस, गुणवत्तापूर्ण प्रबंध, आउटपुट जैसे मानकों की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जाता है। मूल्यांकन में खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण पत्र जारी किया जाता है।

### प्रदेश के कुल 57 अस्पतालों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र

प्रदेश के कुल 57 अस्पतालों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्राप्त हो चुका है। इनमें दस जिला अस्पताल, सात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 26 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,12 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और दो उप स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेशन का उद्देश्य अस्पतालों की सुविधाओं को सुदृढ़ करते हुए आम जनता तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना है।

# तीन दिन तक बंद रहेंगी शराब दुकानें




**कांकेर ,27नवम्बर 2022 (ए)।** शराब प्रेमियों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है, जिले में 3 से 5 दिसंबर तक अंग्रेजी शराब, बीयर और देसी शराब की दुकानें बंद रहेंगी। इस संबंध में कलेटर ने आदेश भी जारी कर दिया है। आदेश का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

छत्तीसगढ़ के भानुप्रतापपुर क्षेत्र में उपचुनाव के चलते तीन दिन तक शराब दुकानें बंद रहेंगी. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ ने छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग रायपुर के निर्देशानुसार शराब की दुकानें बंद करने का आदेश जारी किया है. जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-80 भानुप्रतापपु में 03 से 05 दिसम्बर तक तथा मतगणना दिवस 08 दिसम्बर को कांकेर में शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र भानुप्रतापपुर में स्थित देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान चारामा, देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान नारायणपुर (भानुप्रतापपुर), विदेशी मदिरा दुकान दुर्गूकोंदल एवं एफ.एल.7 सैनिक कैंटीन केंवटी को मतदान की तिथि के 48 घंटे पूर्व अर्थात 3 दिसम्बर को अपरान्ह 3 बजे से 5 दिसम्बर को अपरान्ह 3 बजे तक पूर्ण रूप से बंद रखने एवं मतगणना हेतु नियत तिथि 8 दिसम्बर 2022 को मतगणना स्थल क्षेत्र अर्थात कांकेर नगरपालिका क्षेत्र में स्थित देशी, विदेशी मदिरा की दुकान तथा एफ.एल. 3(क) स्काई बार एवं एफ.एल.4(क) व्यवसायिक क्लब हीरा पैलेस को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है. उक्त अवधि एवं क्षेत्रों में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

# पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़,3 नक्सल ढेर



**बीजापुर ,27नवम्बर 2022(ए)।** ।बीजापुर जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। जानकारी के अनुसार, इस मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं। फिलहाल पुलिस टीम मौके पर मौजूद है और सर्चिंग ऑपरेशन चला रही है।

मामले की जानकारी देते हुए बीजापुर एसपी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान चला रहे सीआरपीएफ, डीआरजी और एसटीएफ के जवानों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ बीजापुर के मिरतूर थाना क्षेत्र के वन क्षेत्र में हुई है। टीम को नक्सलियों के पास से बड़ी संख्या में हथियार भी बरामद हुए हैं।

### 40 नक्सलियों की मिली थी सूचना

सुरक्षाबल के जवान ने एंटी नक्सल आपरेशन की शुरुआत की थी। शनिवार सुबह करीब 8 बजे सीआरपीएफ, डीआरजी, और एसटीफ के जवानों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई। जानकारी के अनुसार, थाना मिरतुर क्षेत्रान्तर्गत पोमरा के जंगलों में 30-40 नक्सलियों के छिपे होने की जानकारी सुरक्षाबल की टीम को मिली थी। इसके बाद टीम ने कार्रवाई की है। फिलहाल अभी सर्चिंग कार्यवाही जारी है।

### 2 पुरुष और 1 महिला माओवादी का शव बरामद

अभियान के दौरान रविवार की सुबह लगभग 7.30 से 7.45 बजे के बीच पुलिस पार्टी और माओवादियों के अचानक हमला कर दिया। इस मुठभेड़ के बाद घटना स्थल से सुरक्षाबलों को 3 माओवादियों के शव मिले हैं। जिसमें 2 पुरुष और एक महिला नक्सली शामिल है। फिलहाल नक्सलियों की पहचान की जा रही है। जवानों को मौके से 303 रायफल, 315 रायफल और मस्कट बरामद किया गया।

### सहारा इंडिया में निवेशकों के इंतजार की घड़ी खत्म

# हजारों लोगों को मिले लगभग 1 करोड़ रुपए

**रायपुर,27नवम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ में सहारा इंडिया में हजारो लोगो के पैसे डूब गए। जिसे लेकर जिला प्रशासन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप चिटफण्ड कंपनी के निवेशकों की राशि वापसी के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। जिससे लोगो को जल्द से जल्द उनकी डूबी हुई रकम वापस मिल सके। बता दे की वर्तमान में लगभग 1000 निवेशकों के आवेदन का सत्यापन कार्य पूर्ण हो चूका है।

जानकारी के अनुसार सहारा इंडिया में पहले कंपनी के कुल 1 हजार 772 निवेशकों को 2 करोड़ 30 लाख रुपए का भुगतान तहसीलों के माध्यम से कराया जा चुका है। वर्तमान में लगभग 1000 और निवेशकों के आवेदन का सत्यापन कार्य पूर्ण हो चुका है, जिन्हें उनके निवेश की राशि का 25 प्रतिशत लगभग 1 करोड़ रुपए भुगतान हेतु संबंधित तहसीलदारों को चेक जारी किया जा रहा है।

कलेक्टर राजनांदगांव के खाते में सहारा इंडिया कंपनी द्वारा कुल 8 करोड़ रूपए की राशि उपलब्ध कराई गई है। अपर कलेक्टर एवं सह नोडल अधिकारी सीएल मारकण्डेय ने बताया कि इन कंपनियों के शेष 2 हजार 685 निवेशकों के आवेदन व जमा राशि का सत्यापन राजस्व विभाग एवं सहारा इंडिया कंपनी से कराया जा रहा है। सत्यापन उपरान्त शीघ्र ही शेष निवेशकों को भुगतान किया जाएगा।

राजनांदगांव जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न चिटफण्ड कंपनियों जैसे यालस्को रियल स्टेट लिमिटेड, शुभ साईं देवकान लिमिटेड, एव्हीएम रियल स्टेट एण्ड एलाईड लिमिटेड, अनमोल इंडिया लिमिटेड, सहारा इंडिया आदि के लगभग 24 हजार 865 निवेशकों को कुल 15 करोड़ 72 लाख रूपए का भुगतान किया जा चुका है।

# प्रदेश में कड़ाके की ठंड ने दी दस्तक

### दुर्ग और बिलासपुर में 5 डिग्री तक गिरा पारा

**रायपुर,27नवम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है। रायपुर समेत प्रदेश के सभी जिलों में लगातार पारा गिर रहा है जिसके चलते कई शहर शीतलहर की चपेट में आ गए है। अगर प्रदेश में सबसे ठंडे जिले की बात करे तो कवर्धा में सबसे कम तापमान दर्ज किया गया है। यहां पारा 6.6 डिग्री तक पहुंच गया। जानकारी के अनुसार सबसे ज्यादा ठंड का छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में रहा है। वहीं शहरों में इसके मुकाबले कम है। रायपुर में आज सुबह का पारा 10 डिग्री के आसपास रहा। जबकि ग्रामीण इलाकों में पारा 8 डिग्री के करीब दर्ज हुआ है। इधर दुर्ग बिलासपुर में रिकॉर्ड 5 डिग्री तक पारा लुढ़का है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिनों में पारा में और गिरावट होगी।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)